हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 216, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 7 फरवरी, 2024 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

## भारत में अगले 5 वर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब डॉलर का निवेश होगा : पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री ने गोवा में इंडिया एनर्जी वीक के दूसरे संस्करण का किया उद्घाटन



पणजी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत में अगले पांच से छह वर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में करीब 67 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में वैश्विक निवेशकों को भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित भी किया। पीएम मोदी ने मंगलवार को गोवा में इंडिया एनर्जी वीक (भारत ऊर्जा सप्ताह) के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया।

**दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था होगा भारत**- कार्यक्रम में अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 फीसदी की दर से बढ़ रही है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है और हाल ही में आईएमएफ ने अनुमान जताया है कि हम इसी रफ्तार से आगे बढ़ेंगे। देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने वैश्विक कंपनियों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि 'देश को 2030 तक अपनी रिफाइनिंग क्षमता 254 एमएमटीपीए (मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष) से बढ़ाकर 450 एमएमटीपीए करने की उम्मीद है।'

**पांच वर्षों में आएगा 67 अरब डॉलर का निवेश**- प्रधानमंत्री ने कहा कि 'भारत ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है जो पहले कभी नहीं हुआ। अगले पांच-छह वर्षों में भारत में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब डॉलर का निवेश होने जा रहा है।' प्रधानमंत्री ने कहा 'बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के बीच भारत में सभी को सस्ती ऊर्जा मुहैया करायी जा रही है। भारत ऐसा देश है, जहां कई वैश्विक घटनाओं के बावजूद बीते दो सालों से पेट्रोल और डीजल के दाम कम हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत कच्चे तेल तथा एलपीजी का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है। भारत 2030 तक अपने ऊर्जा मिश्रण में गैस की हिस्सेदारी बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य बना रहा है। पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के बारे में उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में यह 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 12 प्रतिशत हो गया है। 2025 तक यह 20 प्रतिशत हो जाएगा।

**2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य**- प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक उत्सर्जन में भारत का केवल चार प्रतिशत हिस्सा है और 2070 तक 'नेट जीरो' का लक्ष्य रखा गया है। 'नेट जीरो' से मतलब है कि कोई देश वातावरण में कार्बन आधारित ग्रीनहाउस गैसों का कितना उत्सर्जन कर रहा है, उतना ही उसे कितना सोख और हटा भी रहा है। नेट जीरो का मतलब है कि 2070 तक भारत का वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का योगदान न के बराबर हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक करोड़ मकानों पर 'सोलर रूफटॉप' स्थापित करने की हाल ही में घोषित योजना से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली को ग्रिड से जोड़ा जाएगा।

### धनशोधन मामले में आप नेताओं पर ईडी की रेड पर भड़कीं आतिशी, बोलीं- उन्हें अभी तक एक रुपया नहीं मिला

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को लेकर आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि हमें चुप कराने के लिए छापेमारी हो रही है। अभी तक छापेमारी में एक रुपया भी नहीं मिला है। प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री आतिशी ने कहा कि आप नेताओं और आप से जुड़े लोगों के खिलाफ ईडी की छापेमारी चल रही है। आप कोषाध्यक्ष और सांसद एनडी गुप्ता, अरविंद केजरीवाल के पीए और अन्य के आवास पर छापेमारी चल रही है। भाजपा केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से हमारी आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। आतिशी ने आगे कहा कि बीते दो साल से शराब घोटाला मामले के नाम पर आम आदमी पार्टी के नेताओं को धमकी दी जा रही है। कुछ लोगों के घर छापा मारा। कुछ को समन जारी किए जा रहे हैं। कुछ को गिरफ्तार किया गया है। बीते दो साल में हजारों छापे मारे गए हैं। लेकिन अभी तक ईडी की टीम को एक रुपया तक बरामद नहीं हुआ है। अगले दो साल भी ईडी को कुछ नहीं मिलने वाला है। कोर्ट ईडी के कह चुका है कि सबूत पेश करें।

## हरदा पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 12 की मौत, 60 से ज्यादा झुलसे, मृतक के परिजनों को मिलेगा 4-4 लाख का मुआवजा



हरदा। मध्य प्रदेश का हरदा जिला सुबह बारूद के धमाके से दहल गया। यहां की एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक हुए विस्फोट से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग के शोले और धुएं के गुबार से लोगों में दहशत भर गई। हादसे की वजह से कई लोगों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस फैक्ट्री में 500 से 700 लोग काम करते थे। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया है। भोपाल के जेपी अस्पताल में 6 पलंग का वार्ड तैयार किया गया। डॉक्टर भी इलाज करने के लिए पहुंचे हैं। घटनास्थल पर लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

हरदा कलेक्टर ऋषि गर्ग ने इस घटना को लेकर कहा, "आज सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ। बचाव अभियान जारी है। छह लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 59 अन्य घायल हैं। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और गंभीर रूप से घायल मरीजों को भोपाल और इंदौर शिफ्ट किया जा रहा है।" हरदा के आसपास के क्षेत्र से एंबुलेंस हरदा पहुंचाई जा रही हैं इसके साथ ही हेलीकॉप्टरों की व्यवस्था के लिए सेना से संपर्क किया गया है। भोपाल, इंदौर में मेडिकल कॉलेज और AIIMS भोपाल में बर्न यूनिट को तैयारी रखने के निर्देश दे दिए गए हैं। होशंगाबाद में भी अस्पतालों में घायलों के उपचार के लिए व्यवस्था की गई है

हरदा की घटना के बाद इमरजेंसी सेवा अलर्ट पर है। अलग-अलग जिलों से हरदा के लिए इमरजेंसी सेवा भेजा जा रहा है। भोपाल से 20 एम्बुलेंस हरदा के लिए रवाना किया गया। इसके अलावा इंदौर 15, देवास से 10, खंडवा से 15, होशंगाबाद से 10, बैतूल 8, हरदा के 20, सीहोर के 10, रायसेन के 3 और बुरहानपुर के 3 एम्बुलेंस लोगों को अस्पताल पहुंचाने के काम में लगे हुए हैं। कुल 114 एम्बुलेंस घायलों को अस्पताल पहुंचा रहे हैं। हरदा में पटाखा फैक्ट्री में लगी भीषण आग में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंच गई हैं, कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। घायलों को एंबुलेंस सहित पुलिस और जिला प्रशासन के विभिन्न वाहनों की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। इसके साथ ही नजदीकी जिले नर्मदापुरम और बैतूल से भी चिकित्सा सहायता पुलिस बल भेजा जा रहा है।

वहीं, इस घटना के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हरदा में आग लगने की घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी ली है। घटना की स्थिति को समझने के लिए मुख्यमंत्री ने एक आवश्यक बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह, ACS अजीत केसरी, डीजी होमगार्ड को तत्काल हेलीकॉप्टर से हरदा जाने के निर्देश दिए हैं।

## ज्ञानवापी परिसर में बंद तहखाने के ASI सर्वे मामले में हुई सुनवाई, 15 फरवरी को पड़ी अगली तारीख

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर में बंद तहखाने की ASI सर्वे कराने की मांग के मामले में जिला जज की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान दोनों पक्षों को कोर्ट ने सुना। इसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 15 फरवरी को नियत किया। जिला जज की अदालत में सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की ओर से मामले में आपत्ति जताई गई। कहा गया कि तहखाने में सर्वे कराने से मस्जिद को क्षति पहुंचेगी। मामले में कोर्ट ने दोनो पक्षों को सुना। इसके बाद हाईकोर्ट में मामले की चल रही सुनवाई के कारण सभी पक्षकारों की सहमति से 15 फरवरी को अगली तारीख तय की। बता दें कि प्रभारी जिला जज अनिल कुमार पंचम की अदालत में आवेदन देकर ज्ञानवापी के बंद तहखानों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे कराने की मांग की गई है। यह आवेदन मां श्रृंगार गौरी केस की वादिनी राखी सिंह की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने



दाखिल किया है। अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने कहा कि एएसआई की सर्वे रिपोर्ट के अनुसार ज्ञानवापी में आठ तहखाने हैं। इनमें से एस-1 और एन-1 तहखाना का सर्वे नहीं हुआ है। क्योंकि इन दोनों तहखानों के भीतर प्रवेश करने का जो रास्ता है उसे ईंट-पत्थर से बंद कर दिया गया है। ज्ञानवापी में जो तहखाने दृश्यमान हैं, उनके अलावा भी अन्य तहखानों के होने की संभावना जताई गई है। ज्ञानवापी के दक्षिण तहखाने के समीप कुएं भी हैं।

## देश की कला-संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाए मीडिया : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि इस समय देश में बहुत कुछ अच्छा हो रहा है। अलग अलग क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट कार्य हो रहे हैं। देश की मीडिया को इन कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया को अब तकनीक का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़कर देश निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज के तकनीकी युग में फर्जी और अप्रमाणित समाचारों से बचने की आवश्यकता है। इससे समाचार जगत की विश्वसनीयता कमजोर होती है और इससे हर हाल में बचा जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि मीडिया के नाम पर कुछ लोगों द्वारा कई गलत कार्य किये जा रहे हैं, जिनसे देश-समाज का हित प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि गलत कार्यों को ढका नहीं जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने मीडिया की यह कहकर प्रशंसा भी की कि गंभीर स्थितियों में मीडिया ने सकारात्मक रूप से अपनी भूमिका निभाने में सफल रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि नई तकनीक आने पर कुछ लोगों को अपने भविष्य को लेकर चिंता होती



है, लेकिन अब तक के अनुभव बताते हैं कि नई तकनीक के आने से कार्य में सुधार आता है। टीवी के आने पर भी समाचार पत्रों का महत्व बना हुआ है। इसी प्रकार डिजिटल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के आने से भी कोई नकारात्मक असर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यों में देश की महत्ता बनी रहनी चाहिए।

## 'ईडी के छापे बदले की राजनीति', टीएमसी के आरोपों पर भाजपा बोली- ये पार्टी भ्रष्टाचार में डूबी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी की कार्रवाई को 'प्रतिशोध की राजनीति' बताया है। टीएमसी ने आरोप लगाया कि राज्य के बकाया के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए ये छापेमारी हो रही है। बंगाल की सत्ताधारी पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा हताशा में ऐसे कदम उठा रही है। ईडी ने मंगलवार सुबह मनरेगा धन आवंटन में कथित हेराफेरी के संबंध में कई अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की कार्रवाई पर राजनीति शुरू हो गई। टीएमसी के वरिष्ठ नेता शशि पांजा ने आरोप लगाया कि 'यह राज्य का बकाया दिए जाने की मांग से जनता और मीडिया का ध्यान हटाने की कोशिश है। यह बदले की राजनीति का साफ उदाहरण है।' टीएमसी के आरोपों पर बंगाल भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने टीएमसी के आरोपों को निराधार बताया और टीएमसी



पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। भाजपा नेता समिक भट्टाचार्य ने कहा हकीकत यह है कि टीएमसी भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और लगभग पार्टी का हर नेता भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहा है।' ईडी ने मंगलवार को सॉल्ट लेक के आईए ब्लॉक में एक पूर्व खंड विकास अधिकारी के आवास पर छापा मारा। साथ ही हुगली जिले में एक व्यवसायी के आवास और कार्यालय पर भी छापेमारी की गई। मुर्शिदाबाद में भी राज्य सरकार के एक कर्मचारी के ठिकानों पर तलाशी की गई। आरोप है कि राज्य में मनरेगा के तहत 25 लाख फर्जी जॉब कार्ड जारी किए गए थे। उसी मामले में राज्य में छापेमारी की जा रही है। इस मामले में करोड़ों रुपये की हेराफेरी के आरोप हैं। बंगाल में ईडी राशन घोटाले की भी जांच कर रही है। विभिन्न मामलों में केंद्रीय एजेंसी ने टीएमसी नेताओं पार्थ चटर्जी, ज्योतिप्रिया मलिक और अनुब्रत मंडल को गिरफ्तार किया है। हाल ही में केंद्रीय जांच एजेंसी ने राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री रथिन घोष और शहरी विकास मंत्री फिरहाद हाकिम के विभिन्न ठिकानों पर भी छापेमारी की है। ये छापेमारी नगर पालिकाओं में हुई नियुक्तियों के संबंध में हुई।

## तेजस्वी यादव के चौके पर सम्राट चौधरी का छक्का, बिहार में 94 लाख नौकरी देने का कर दिया एलान




पटना। बिहार में एनडीए सरकार बनते ही डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बड़ा एलान कर दिया है। इसके साथ उन्होंने अपनी सरकार का टारगेट के बारे में भी खुलकर बात की है। मीडिया द्वारा पूछा गया कि पहली बार आप बजट पेश करेंगे, उसमें किस बात का ध्यान रखा जाएगा। इसपर जवाब देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि गरीब कल्याण पर मेन फोकस होगा। उनहोंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार का भी गरीब कल्याण ही मकसद है। सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव की ओर इशारा करते हुए कहा कि लोग कहते थे कि वह 10 लाख नौकरी देंगे, हमने तो 94 लाख लोगों को रोजगार देने का टारगेट सेट किया है। वहीं, उन्होंने फ्लोर टेस्ट के बारे में बात करते हुए कहा कि जदयू और भाजपा के पास पूर्ण बहुमत है। वहीं, तीसरी पार्टी के तौर पर जीतन राम मांझी का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि तीनों पार्टी को मिलाकर सदन में 128 विधायक हैं, इसमें कोई छेड़छाड़ करने की कोशिश करेगा तो खुद सोचिए वे लोग अपने विधायक को हैदराबाद घूमा रहे हैं।

## यूपी बजट सत्रः शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने पर शिक्षा मंत्री बोले- कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार लेंगे निर्णय

लखनऊ। यूपी के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने विधानसभा में शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाने के सवाल के जवाब में कहा कि बेसिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर दिया गया है। कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार सरकार निर्णय लेगी।

बता दें प्रदेश के शिक्षामित्र लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं पर अभी तक इस पर निर्णय नहीं लिया गया है। वहीं, एक अन्य सवाल के जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में छात्र शिक्षक अनुपात पूरा है अभी शिक्षक भर्ती का कोई प्रस्ताव या प्रक्रिया विचाराधीन नहीं है। एक अन्य प्रश्न के जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार बेसिक शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा बीमा देने पर विचार कर रही है।

**सपा नेता ने कहा, विरोध करने वालों की सूची से मेरा नाम हटाएं**- सपा विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि वह राम के भक्त हैं। कल उन्होंने बधाई प्रस्ताव के पक्ष में हाथ खड़े किए थे। उन्होंने कहा कि वह रोजाना हवन के बाद जय श्रीराम का नारा लगाते हैं।



उन्होंने आग्रह किया कि कल की कार्यवाही में से बधाई का विरोध करने वालों में से उनका नाम हटाया जाए।

**जब तक बच्चा पांच साल का न हो जाए महिला कर्मचारियों को गृह जिले में दें तैनाती**- विधानसभा में कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कामकाजी महिलाओं को बच्चों की देखभाल के लिए उनके गृह जिले में तबादला कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि कम से कम जब तक बच्चा पांच साल का का नहीं हो जाता तब तक महिला कर्मचारियों को उनके गृह जिले में तैनात करें। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार ने बेसिक शिक्षा में 16 हजार तबादले इसलिए ही किए है। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों की देखभाल के पर्याप्त मातृत्व अवकाश दे रही है।

**संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारी नहीं होंगे स्थायी**- वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने एक सवाल के जवाब में कहा कि संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को स्थायी करने की सरकार की कोई योजना नहीं है।

## पिता ने सोनिया से कहा था, कमजोर सरकार चलाने से बेहतर है विपक्ष में बैठना : शर्मिष्ठा

जयपुर। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिठा मुखर्जी ने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान मेरे पिता ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से कहा था कि एक कमजोर सरकार चलाने के बजाय विपक्ष में बैठना ज्यादा बेहतर है। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) के पांचवें और अंतिम दिन शर्मिष्ठा ने पिता से जुड़े संस्मरण को याद करते हुए कहा कि वे जीवन के अंतिम दिनों में कांग्रेस के हालात से परेशान थे। यदि दुनिया में होते तो पार्टी के वर्तमान हालत से और परेशान होते। कांग्रेस की स्थिति है, उससे मैं भी परेशान हूं। उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस के बेहतर भविष्य के लिए किसी गैर गांधी को मौका मिलना चाहिए तो शर्मिष्ठा ने कहा-हां, ऐसा होना चाहिए। शर्मिष्ठा ने कहा कि मेरी भाजपा में शामिल होने की बात अफवाह है। मैं पक्की कांग्रेसी हूं और कहीं नहीं जा रही हूं। यहां एक सत्र में उन्होंने प्रणब मुखर्जी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व मनमोहन सिंह के संबंधों को लेकर खुलकर बात की। शर्मिष्ठा ने कहा कि मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में अहम योगदान किया है। उन्हें भारत रत्न मिलना चाहिए। मेरे पिता उनका काफी सम्मान करते थे।



जब मनमोहन पीएम बन गए तब भी पिता को सर कहकर ही संबोधित करते थे। इस पर मेरे पिता ने कई बार आपत्ति भी जताई थी। दोनों-एक-दूसरे का सम्मान करते थे। मेरे पिता इंदिरा गांधी के अंधभक्त थे, क्योंकि वह उनकी मेंटर थीं। उनकी वजह से ही वह सबकुछ बने थे। वह क्या कपड़े पहनेंगे, इस पर भी वह इंदिरा से पूछते थे।

## संपादकीय

### भ्रष्टाचार का वार

यह परेशान करने वाली बात है कि भ्रष्टाचार के मामले में भारत की वैश्विक रैंकिंग फिर फिसली है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की हाल में जारी रिपोर्ट में भ्रष्टाचार सूचकांक में भारत का स्थान दुनिया के 180 देशों में 93वां आंका गया है। वहीं संस्था द्वारा निर्धारित हमारे समग्र स्कोर में कोई बदलाव नहीं है। बीते वर्ष भारत का स्थान 85वां आंका गया था। लिहाजा विश्व रैंकिंग में यह स्थिति आठ स्थान खिसकी है। हालांकि, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल का भ्रष्टाचार मापने का पैमाना कितना पारदर्शी है और वह पश्चिमी ताकतों के दबाव से कितना मुक्त है, कहना कठिन है,लेकिन फिर भी रिपोर्ट हमें आत्ममंथन का मौका तो देती है। दरअसल, संस्था इस सूचकांक में विशेषज्ञों और व्यापारिक लोगों की धारणा के आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र के भ्रष्टाचार के स्तरों को केंद्र में रखकर दुनिया के 180 देशों और क्षेत्रों की रैंकिंग निर्धारित करती है। साथ ही इस रैंकिंग के लिये शून्य से सौ तक के पैमाने का प्रयोग किया जाता है। यानी जहां जीरो है वह सर्वाधिक भ्रष्ट है और सौ सर्वाधिक ईमानदारी का सूचक है। इस पैमाने पर बीते वर्ष में भारत का समग्र स्कोर 39 रहा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में हमारा समग्र स्कोर चालीस था। वहीं भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे पाकिस्तान का स्थान दक्षिण एशिया में 133 व श्रीलंका का स्थान 115 निर्धारित किया गया। जिसमें राजनीतिक अस्थिरता व कर्ज के दबाव को भी कारक बताया गया है। लेकिन वहीं दूसरी ओर चीन ने अपने 35 लाख से अधिक सार्वजनिक अधिकारियों को दंडित करके अपनी आक्रामक भ्रष्टाचार विरोधी नीति से दुनिया का ध्यान खींचा है। फलतः उसका स्थान इस सूची में 76वां रहा है। दरअसल, एशिया प्रशांत क्षेत्र में वर्ष 2024 चुनावी वर्ष है। जिसके चलते पूरी दुनिया की निगाह भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, दक्षिण कोरिया व ताइवान पर लगी रही हैं। उल्लेखनीय है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के 71 फीसदी देशों में भ्रष्टाचार मापने का मानक सीपीआई वैश्विक औसत 43 से नीचे रहा है। निस्संदेह, किसी भी देश के लिये वैश्विक भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में ऊंचे स्तर पर रहना चिंता की बात होनी चाहिए। यह अवसर आत्ममंथन का भी होता है कि क्यों उसके लिये वैश्विक स्तर पर ऐसी धारणा बनी है। यह भी कि हम सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार को कैसे कम कर सकते हैं। वैसे तो ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट में उल्लेखित भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक विश्व बैंक, विश्व आर्थिक मंच, निजी जोखिम और परामर्श संगठनों, थिंक टैंक और अन्य सहित तेरह बाहरी स्रोतों की जानकारी पर आधारित होता है। लेकिन राजनीतिक दुराग्रहों से मुक्त होकर देश के स्तर पर ऐसी एजेंसी होनी चाहिए जो सार्वजनिक क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार का न केवल ईमानदार मूल्यांकन करे बल्कि उस पर नियंत्रण के कारगर उपाय भी सुझाए। यह स्थिति हम सब की चिंता का विषय होनी चाहिए कि क्यों हम सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में विफल हो रहे हैं। कई बार राजनेताओं और बहुधंधी लोगों के यहां नोटों के जो पहाड़ ईडी और आयकर विभाग की कार्रवाई में बरामद होते हैं, वे एक आम आदमी को विचलित करते हैं। आम आदमी सोच में पड़ जाता है कि एक ईमानदार व्यक्ति हाड़-तोड़ मेहनत के बाद दो जून की रोटी और एक छत का जुगाड़ मुश्किल से कर पाता है, वहीं भ्रष्ट लोग नोटों के अंबार लगा देते हैं। वे कौन से व्यवस्था के छिद्र हैं जो भ्रष्ट लोगों को अकूत संपदा जुटाने का मौका देते हैं। कैसे राजनीति में आने के बाद लोग रातों-रात करोड़पति हो जाते हैं। कैसे लोग मोटा पैसा चुनाव में खर्च करने के लिये जुटाते हैं और फिर चुनाव जीतकर धन का तीन-तेरह करते हैं। निश्चित रूप से भ्रष्टाचार की कीमत समाज में ईमानदार लोगों को ही चुकानी पड़ती है। ये उस व्यक्ति के साथ अन्याय ही है। हमें यह विचार करना होगा कि आने वाली पीढ़ियों के लिये हम कैसा भारत छोड़कर जाएंगे, जहां उन्हें कदम-कदम पर भ्रष्टाचार से जूझना पड़ेगा। जो कालांतर समाज में हताशा, निराशा और आक्रोश को ही जन्म देता है। नीति-नियंताओं को गंभीरता से इस दिशा में सोचना चाहिए।

### राजनीतिक प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल, दलों और उम्मीदवारों को चुनाव आयोग की हिदायत के मायने

बच्चों को महत्त्व देने और उनका इस्तेमाल करने में फर्क है। विडंबना यह है कि राजनीतिक दुनिया में बच्चों की जिंदगी को अहमियत देने से जुड़े मुद्दों पर तो बहुत कम ध्यान दिया जाता है, मगर अक्सर चुनाव प्रचार में उन्हें एक जरिया बना कर भी उपयोग किया जाता है। निश्चित रूप से यह मानवीय संवेदनाओं के नाजुक पहलुओं को भुनाने की तरह है, जिसमें लोग कई बार बच्चों को देख कर किसी मसले पर अपनी राय बना लेते हैं। जबकि यह भी संभव है कि बच्चों को आगे रख कर कोई व्यक्ति या राजनीतिक समूह अपने वैसे मुद्दों के लिए भी समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रहा हो, जिनमें आम लोगों की कोई रुचि न हो या फिर वे उससे असहमत हों। जाहिर है, यह न केवल लोगों की भावनाओं के साथ एक प्रकार का खिलवाड़ है, बल्कि मासूमों का बेजा इस्तेमाल भी है। हालांकि कई राजनीतिक दल या उनसे जुड़े नेता और उम्मीदवार अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बच्चों का इस्तेमाल करने के आरोप लगाते रहे हैं, मगर दूसरे स्तर पर वे भी उस तरह के अभियान से परहेज नहीं करते। अब लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों से कहा है कि वे पोस्टर और पर्चों सहित प्रचार की किसी भी सामग्री में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी रूप में न करें। अलग-अलग पार्टियों को भेजे अपने परामर्श में आयोग ने दलों और उम्मीदवारों की ओर से चुनावी प्रक्रिया के दौरान ऐसा करने पर अपने कतई बर्दाश्त न करने की नीति के बारे में स्पष्ट किया। दरअसल, भारतीय समाज में बच्चों के प्रति आम लोगों के भीतर भावनाएं और संवेदनाओं की तीव्रता छिपी नहीं रही है। कई बार किसी पार्टी या उसकी नीतियों से गंभीर शिकायत होने के बावजूद लोग बच्चों का चेहरा देख कर अनदेखी कर देते हैं। इससे मुद्दों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा होती है, जिसका असर चुनावों में जीत-हार पर भी पड़ता है। इसके समांतर चुनावी अभियानों में शामिल किए गए बच्चों और उनके मनोविज्ञान पर कैसा असर पड़ता है, इसका ध्यान रखना किसी को जरूरी नहीं लगता। इस लिहाज से देखें तो चुनाव प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल किए जाने को लेकर निर्वाचन आयोग के ताजा निर्देश की अहमियत समझी जा सकती है।

# देश को विश्वास हो चला है कि भ्रष्टाचारी कितना भी बड़ा हो, वह कानून से नहीं बच पायेगा

**ललित गर्ग**

झारखंड राज्य में जमीन खरीद में गड़बड़ी, अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के कथित पुराने मामलों की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से झारखंड की सरकार संकट में आ गयी और उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों ने इस समय कार्रवाई का बिगुल बजाया हुआ है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के आदर्श एवं सशक्त होने की बड़ी अपेक्षा है। आजादी के अमृत काल में राजनीति का शुद्धिकरण एवं अपराध मुक्ति ही भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बना सकेगा। हेमंत सोरेन के बाद अब अगला नम्बर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का है। स्पष्ट है कि अब भ्रष्टाचारियों की नैया पार होने वाली नहीं है। अगर ये लोग सोचते हैं कि ताकतवर होने के कारण कानून उन तक नहीं पहुंच सकता, तो ये मुगालते में हैं। अगर उन्होंने भ्रष्टाचार किया है, तो उन्हें अपने किए की सजा मिलेगी ही। भ्रष्ट आचरण से करोड़ों-अरबों की संपत्ति लूटने वाले नेतागण शायद नहीं जानते कि केंद्र में ऐसी मजबूत सरकार है, जो भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती। इसीलिए तो जांच एजेंसियों को पूरी छूट मिली हुई है कि वे भ्रष्ट आचरण करने वालों को पकड़ें। दबाव मुक्त केन्द्रीय एजेंसियां अपने काम में जुटी भी हुई हैं, उनकी टांग खींचने की बजाय उनका हौसला बढ़ाना चाहिए।

इन दिनों गैर-भाजपा प्रांतों में भ्रष्टाचार के मामले बड़ी संख्या में उजागर हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल आम आदमी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री रहे सतेन्द्र जैन, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया एवं पश्चिम बंगाल में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी जेल की सलाखों के पीछे हैं। इनकी गिरफ्तारी बता रही है कि ममता बनर्जी एवं अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त शासन के कितने ही दावे क्यों न करें, लेकिन उनके वरिष्ठ मंत्री भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक मजबूरियां जी रहे हैं। राजनीति की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। राजनीतिक दल अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।



भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं जाति-सम्प्रदाय के हिंसक आग्रहों पर इंडिया गठबंधन में कोई बहस नहीं है, कोई आदर्श राष्ट्र निर्माण की दृष्टि एवं दिशा नहीं है। राजनीति में लगे लोगों में जब इन मसलों की गहराई तक जाने का धैर्य और गंभीरता चुक जाए, तो उनके मंच के संवाद पहले निम्न दर्जे तक गिरते हैं और फिर कीचड़ को ही संवाद का विकल्प मान लिया जाता है। इन दिनों यही हो रहा है। भ्रष्टाचार के लिए मोदी सरकार जो कार्रवाइयाँ कर रही हैं, वह सराहनीय है। भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके ऐसे नेताओं की कमी नहीं है, जो यह मानते हैं कि सरकार उनकी है और वे कुछ भी कर सकते हैं। इस तरह की भ्रामक सोच भारतीय राजनीति का पतन कर रही है। इसकी शुचिता और पारदर्शिता को धूमिल कर रही है। पहले राजनीति का अर्थ लोगों की सेवा करना होता था, लेकिन बाद में यह अपने लोगों की सेवा का माध्यम समझी जाने लगी। बिहार, बंगाल, दिल्ली और झारखंड जैसे राज्य तो इसमें सबसे ऊपर दिखते हैं। झारखंड में ही अभी जो घटनाक्रम हुआ है, क्या उससे यह धारणा नहीं बनती कि हेमंत सोरेन ने जरूर कुछ ऐसे कार्य किए हैं कि पहले उन्हें ईडी से भागना पड़ा और जब उन पर दबिश बढ़ी, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर ईडी अधिकारियों के हाथों गिरफ्तार होना पड़ा।

बिहार का हाल भी झारखण्ड से अलग नहीं है। वहां पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का भ्रष्टाचार लगातार खबरों में रहा है, वे भी सजा भुगत चुके हैं। उनके पुत्र तेजस्वी यादव व अन्य परिजनों पर भी जमीन घोटाले के आरोप हैं। कहा जाता है कि जब ईडी ने तेजस्वी यादव से सवाल पूछे, तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने घोटाले के वक्त खुद के नाबालिग होने की बात कही। जब ईडी अधिकारियों ने पूछा कि करोड़ों की कंपनी कैसे बनाई, तो उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी न होने की बात कही। जबकि लालू यादव के पास इतनी संपत्ति कैसे जमा हुई, यह कोई छिपा रहस्य नहीं है। इसलिए यह कयास भी गलत नहीं है कि देर-सबेर तेजस्वी यादव भी अपने पिता की तरह जेल में दिख सकते हैं। कुछ इसी तरह की कहानी देश के अन्य राज्यों में भी है, जहां मुख्यमंत्री और बड़े नेता ईडी के निशाने पर हैं, इसलिए मुमकिन है कि आने वाले दिनों में हम और भी कई नेताओं को कालकोठरी में देख सकते हैं।

बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय जनता दल, की ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसकी खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है, नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर है तो उसकी पार्टी के भीतर भी यदि भ्रष्टाचार है तो उसकी सफाई ज्यादा जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का बिगुल बजाये हुए हैं तो यह आजादी के अमृत महोत्सव मनाने की सार्थक पहल है, जिसके माध्यम से वे भारत के विलक्षण और ऐतिहासिक प्रधानमंत्री माने जाएंगे। राजनीतिज्ञों की साख गिरेगी, तो राजनीति की साख बचाना भी आसान नहीं होगा। हमारे पास राजनीति ही समाज की बेहतरी का भरोसेमंद रास्ता है और इसकी साख गिराने वाले कारणों में अपराधीकरण और भ्रष्टचार के बाद तीसरा नंबर इस कीचड़ उछाल राजनीति का भी है, जिसमें गलत को गलत नहीं माना जाता। ये तीनों ही राजनीति के औजार नहीं हैं, इसलिए राजनीति को तबाही की ओर ले जाते हैं। अपराधीकरण और भ्रष्टाचार का मसला काफी गहरा है और इसके खिलाफ लड़ाई के लिए काफी वक्त और ऊर्जा की जरूरत है, लेकिन कीचड़ उछाल से परहेज करके और सार्थक बहस चलाकर देश की राजनीति का सुधार आंदोलन शुरू किया जा सकता है। राजनैतिक कर्म में अपना जीवन लगाने वालों से इतनी उम्मीद तो की ही जानी चाहिए कि भ्रष्टाचार के खिलाफ होने वाली कार्रवाइयों को राजनीतिक रंग न दें।

# जैसे परीक्षा आने पर बच्चा बाहर घूमने निकल जाये, वैसे ही चुनाव आने पर राहुल गांधी घूमने निकल गये हैं

**राकेश सैन**

पंजाबी में कहावत है- बुहे आई जन्न, विन्नो कुड़ी दे कन्न अर्थात दरवाजे पर बारात आने पर लड़की के कान बींधना साधारण शब्दों में कहें तो असमय कार्य करना। हिन्दी में इसकी समानार्थी कहावत है फेरों के समय जूएं देखना, कांग्रेस के साथ आजकल यही कुछ होता दिख रहा है, आम चुनाव सिर पर हैं और पार्टी जुटी है न्याय यात्रा में। स्कूली भाषा में बोलें तो फाइनल परीक्षा के समय एजुकेशनल टूअर पर निकलना। देखने में आ रहा है कि इस यात्रा में न केवल कांग्रेस बल्कि वह इण्डी गठजोड़ भी भटकता और झटके खाता नजर आ रहा है जो अभी भ्रूण अवस्था में भी नहीं आया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दूसरी यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई और 20 मार्च को मुम्बई में संपन्न होगी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हो रही यह यात्रा 67 दिन में 6713 किलोमीटर लम्बा सफर तय करने के लिए देश के 15 राज्यों के 110 जिलों और 100 लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेगी। यह राहुल गांधी की दूसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, जो 7 सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी से शुरू हो कर 30 जनवरी, 2023 को कश्मीर में संपन्न हुई। 136 दिन की उस यात्रा में 12 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों के 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्रों से गुजरते हुए चार हजार किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय किया गया था। पहली यात्रा पदयात्रा ही थी, जबकि न्याय यात्रा में हर दिन आठ से दस किलोमीटर पैदल चल कर शेष सफर विशेष वाहनों से तय किया जाएगा। राहुल की इस नई यात्रा का राजनीतिक आकलन तो लोकसभा चुनाव के बाद ही हो पाएगा लेकिन पहली यात्रा को एक नजरिए से देखें तो उसका परिणाम मिलाजुला रहा। कर्नाटक और तेलंगाना विधानसभा चुनावों में कांग्रेस जीत गई तो राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में उसे करारी हार झेलनी पड़ी।

कांग्रेस को विश्वास है कि अबकी बार न्याय यात्रा परिवर्तनकारी साबित होगी। राहुल गांधी की इन दो यात्राओं के बीच एक बड़ी घटना यह हुई है कि दो दर्जन से भी ज्यादा विपक्षी दल मिल कर नया इंडिया गठबंधन बना चुके हैं। लेकिन इस बार की यात्रा में सबसे बड़ी चूक साबित हो सकती है इसका समय, पहली यात्रा के समय देश के कुछ राज्यों में ही विधानसभा चुनाव होने थे परन्तु अब इस यात्रा के समय आम चुनाव होने हैं जो हर राजनीतिक दल के लिए जीवन-मरन का प्रश्न माने जाते हैं। अभी सबसे बड़ा सवाल न्याय यात्रा के समय को लेकर ही उठ रहा है। मार्च के दूसरे पखवाड़े में जब यह यात्रा संपन्न होगी, तब तक शायद देश में लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम घोषित हो चुके होंगे या होने वाले होंगे। ऐसे में फरवरी और मार्च के महीने कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव की तैयारी के हिसाब से महत्वपूर्ण समय है। ऐसे समय पार्टी की पूरी ऊर्जा केवल यात्रा के आयोजन और उससे जुड़े विवादों से जूझने में लग जाए, यह राजनीतिक आत्महत्या करने जैसा होगा।



यात्रा में केवल कांग्रेस ही नहीं भटकी लगता है वह 'इंडि गठजोड़ भी भटकता और झटके खाता दिख रहा है जो अभी भ्रूण अवस्था में भी नहीं आया। सभी जानते हैं कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एकला चलो का राग अलाप चुकी हैं तो देश की नई-नई परन्तु अति महत्वाकांक्षी आम आदमी पार्टी पंजाब, हरियाणा व दिल्ली में कांग्रेस के साथ समझौते से लगभग इंकार कर चुकी है। 'इंडि गठजोड़ को सबसे करारा झटका दिया है बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने जो कहां तो कल तक खुद को इस गठजोड़ का संयोजक मान कर चल रहे थे और अब वे भाजपा के पाले में पलटी मार चुके हैं। केवल इतना ही नहीं गठजोड़ के अन्य दलों में भी इसके भविष्य को लेकर संदेह पैदा होने लगा है।

फरवरी का महीना शुरू हो चुका है, 'इंडि गठजोड़ की सफलता के लिए अभी तक संयोजक का नाम तय और सीटों के बंटवारे पर बातचीत का काम पूरा हो जाना चाहिए था, परन्तु कांग्रेस के लिए ये कार्य अभी बहुत दूर की कौड़ी लगती है। 'इंडि गठजोड़ के ही अभी तक सहयोगी माने जाने वाले दल तृणमूल कांग्रेस के शासन वाले बंगाल में राहुल गांधी की यात्रा पर हुई कथित पत्थरबाजी बताती है कि इस यात्रा के लिए गठजोड़ के सहयोगी दलों को न तो विश्वास में लिया गया और न ही उनका सहयोग मांगा गया। इतनी दयनीय स्थिति में भी कांग्रेस का अहं अभी गया नहीं लगता, उसे लगता है कि गठजोड़ में केवल वही एकमात्र दल है जिसकी उपस्थिति देशव्यापी है। तभी तो अपने संभावित सहयोगी दलों को यात्रा से दूर रखा गया। एक तरफ अहं जहां गठजोड़ में बाधा बनता दिख रहा है वहीं यात्रा का बेमौसमी आयोजन कांग्रेस को भी भटका रहा है।

कुछ विश्लेषक मानते हैं कि न्याय यात्रा कांग्रेस के लिए शेर की सवारी हो गई है, जिसको न तो जारी रखना और न ही बीच में छोड़ना खतरे से खाली है। पार्टी की सारी शक्तियां अप्रत्यक्ष रूप से राहुल गांधी के हाथों में सीमित हैं तो यात्रा का नेतृत्व भी वही कर रहे हैं। राहुल की अनुमति के बिना न तो पार्टी के अन्य नेता संगठन को लेकर कोई निर्णय कर पा रहे हैं और न ही राहुल गांधी को इसके लिए समय मिल रहा है। यही दुविधा कांग्रेस को भटका रही है और 'इंडि गठजोड़' को झटके दे रही है। चुनाव सिर पर आ चुके हैं, श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा से कमण्डल, पिछड़ा वर्ग के महानायक माने जाने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर को भारत रत्न दे कर मण्डल साधने और 'इंडिया गठजोड़ के स्तम्भ नीतिश कुमार को साध कर भाजपा ने बड़ी बढ़त हासिल कर ली है, उससे कांग्रेस के नेतृत्व को इस बारे अवश्य सोचना चाहिए कि यात्रा पार्टी के भले के लिए निकालनी है या भटकने के लिए।

# ईमानदारी साबित करने की बजाय जांच एजेंसियों से भाग क्यों रहे हैं केजरीवाल?

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के समन को पांच बार अस्वीकार कर चुके हैं। यह संविधान को अस्वीकार करना और उसका उल्लंघन करना ही है। ईडी दिल्ली शराब घोटाले के बारे में केजरीवाल से पूछताछ करना चाहती है। लेकिन स्वयं को कट्टर ईमानदारी का प्रमाण पत्र देने वाले कट्टर ईमानदार केजरीवाल जांच का सामना करने की बजाय राजनीतिक प्रपंच कर रहे हैं। केजरीवाल सरकार पर औषधि से लेकर मदिरा तक, शिक्षा से लेकर कक्षा तक और मोहल्ला क्लीनिक के लैब टेस्ट तक में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जब शराब घोटाले के आरोप लगे थे, तब आम आदमी पार्टी ने ईडी की कार्रवाई का समर्थन किया था। मगर केजरीवाल स्वयं ईडी के नोटिस को अस्वीकार कर रहे हैं।

17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। विपक्ष का आरोप है कि नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान हुआ। प्रश्न यह है कि, अगर शराब घोटाले में केजरीवाल का हाथ नहीं है, तो वह क्यों जांच में शामिल होने से घबरा रहे हैं? अगर शराब घोटाला हुआ ही नहीं, तो पॉलिसी में बदलाव क्यों किया और नई नीति क्यों लाई गई? केजरीवाल तो कई बार कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री मोदी उनसे डरते हैं, लिहाजा चुनावों में निष्क्रिय करने के मद्देनजर ईडी जांच और जेल के जाल बिछाए जा रहे हैं। केजरीवाल शराब घोटाले को लेकर स्वयं को निर्दोष मानते हैं, इसलिए घोटालों के आरोपों का स्पष्टीकरण नहीं दे रहे हैं। केजरीवाल के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते 11 माह से, शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोपों के कारण, कारागार में हैं। उनकी जमानत के तर्क सर्वोच्च न्यायालय तक अस्वीकार कर चुका है। केजरीवाल की पार्टी के ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी घोटालों के आरोपों और साक्ष्यों के मद्देनजर कारागार में बंद हैं। यदि इतने महत्त्वपूर्ण साथी कारागार में हैं, तो क्या उन्होंने शराब नीति का निर्णय स्वयं ही लिया था?


प्रश्न यह भी है कि कैबिनेट की बैठकों की अध्यक्षता किसने की थी? कारागार वाले साथियों ने शराब माफिया के कुछ चेहरों को, जो कारागार में बंद हैं, मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर उनसे मिलवाया था, तो उसके प्रयोजन क्या थे? जिस मनी ट्रेल की ओर सर्वोच्च न्यायालय ने भी संकेत किए हैं, क्या मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर केजरीवाल उसमें संलिप्त नहीं थे? आम आदमी पार्टी ये दावा कर रही है कि जो शराब नीति उसने बनाई थी वही हरियाणा में भी चल रही है। लेकिन मोदी सरकार उसे निशाना बना रही है। अगर ऐसा है तो आम आदमी इसका पदार्फाश क्यों नहीं करती। सिर्फ ये कहने से काम नहीं चलेगा कि मोदी सरकार केजरीवाल सरकार को निशाना बना रही है। क्या बीजेपी आम आदमी पार्टी को इसलिए टारगेट कर रही है कि ये मोदी सरकार के खिलाफ बहुत ज्यादा मुखर है और बड़े ही आक्रामक अंदाज में मोदी और अमित शाह जैसे बड़े नेताओं पर आरोप लगाती है? आम आदमी पार्टी सभी को भ्रष्ट बताती रही है। इनमें राहुल गांधी, शीला दीक्षित, सोनिया गांधी, अदानी और अंबानी सभी शामिल हैं। लेकिन इनके खिलाफ उसके पास सुबूत कभी नहीं रहे। अब वही आम आदमी पार्टी कह रही है कि बगैर सुबूत के उसके नेताओं को जेल में भरा जा रहा है। लेकिन ये भी सही है कि अगर इन नेताओं के खिलाफ सुबूत नहीं थे तो अदालतों में ये केस इतने दिनों तक कैसे टिकते? शराब घोटाले में सीबीआई और ईडी अब तक 15 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इसमें संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, विजय नायर, समीर महेंद्रू, अरुण रामचंद्रन, राजेश जोशी, गोरन्तला बुचिबाबू, अमित अरोड़ा, फ्रांसीसी शराब कंपनी के महाप्रबंधक बेनॉय बाबू, पी सरथ चंद्र रेड्डी, अरबिंदो फार्मा के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमोटर, व्यवसायी अमनदीप धाल और व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली शामिल हैं। इस मामले में एजेंसियां 80 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी हैं। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस नेता के. कविता भी शामिल हैं। कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। केजरीवाल से सीबीआई ने पूछताछ की थी। केजरीवाल ने संविधान की शपथ लेकर पद ग्रहण किया है और ईडी भी संवैधानिक जांच एजेंसी है। विपक्षी होने के मद्देनजर केजरीवाल ईडी के समन को राजनीतिक करार दे रहे हैं और दिल्ली सरकार को अस्थिर करने की साजिश का आरोप भाजपा पर मढ़ रहे हैं।

# 32वें विश्व पुस्तक मेले 2024 में सनातन संस्था का सहभाग

## साधना, आनंदमय जीवन तथा बाल संस्कार पर मार्गदर्शन करने वाली सनातन की ग्रन्थ माला

प्रत्येक वर्ष नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा प्रगति मैदान में विश्व पुस्तक मेला आयोजित किया जाता है। शनिवार 10 फरवरी से रविवार 18 फरवरी 2024 के बीच होने वाले इस मेले में सनातन संस्था द्वारा आध्यात्मिक ग्रंथों की प्रदर्शनी लगाई जा रही है। सनातन द्वारा विविध विषयों पर ग्रन्थ प्रकाशित किए गए हैं, जैसे अध्यात्म, राष्ट्ररक्षण, धर्म, धर्म पर होने वाले आघात, साधना, धार्मिक कृतियां, आचार पालन, बालसंस्कार, बच्चों का पालन पोषण किस प्रकार करें, आयुर्वेद, इत्यादि ।

**जनवरी 2024 तक 364 ग्रंथों की 13 भाषाओं में 95 लाख 75 हजार से अधिक प्रतियां प्रकाशित हो चुकी हैं।**




ग्रंथ-प्रदर्शनी में शास्त्रीय परिभाषा में लिखी सनातन की अद्भुत और अद्वितीय ग्रंथ संपदा का लाभ लेने के लिए अवश्य अवलोकन करें।

बालसंस्कार, आयुर्वेद एवं गोसंवर्धन, साधना एवं अध्यात्म, देवता, त्यौहार, व्रत, उत्सव, कर्मयोग, भक्तियोग, बिंदु दाब, आगामी भीषण आपातकाल में रक्षा की तैयारी, आचारधर्म, राष्ट्र रक्षण एवं धर्मजागृति आदि विषयों पर सार स्वरूप और प्रत्यक्ष आचरण से संबंधित उपयोगी जानकारी देने वाले ग्रन्थ। ये ग्रन्थ अब ई-बुक के स्वरूप में भी उपलब्ध हैं।

दिनांक : 10 से 18 फरवरी 2024
समय : सुबह 11 से रात 8 तक
स्थल : प्रगति मैदान, नई दिल्ली
हिन्दी ग्रंथ : हॉल क्र. 1, स्टॉल क्र. Q 5
अंग्रेजी ग्रंथ : हॉल क्र. 1, स्टॉल क्र. S 10
Visit online store : www.sanatanshop.com

# सपा सुप्रीमों व प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर कई गांवों में हुआ जनपंचायत का आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष माननीय नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर दिनांक 26जनवरी से चल रहे पीडीए पखवाड़े के तहत जहूराबाद विधानसभा के सागापाली, सदर विधान सभा के नौदर तथा जंगीपुर विधान सभा के ढढ़नी रणवीर राय, जखनियां विधान सभा के जबुरना गांव में जनपंचायत का आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने जहूराबाद विधान सभा के सागापाली में आयोजित जनपंचायत में भाजपा को बेशर्म पार्टी बताते हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव में हुई धांधली पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को लगातार चुनावों में धांधली कर रही भाजपा के मुंह पर करारा तमाचा बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंदर तनिक भी नैतिकता नही है । उन्होंने "भाजपा इस बार चार सौ पार" के नारे पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा का यह फील गुड फिर से लोकसभा के चुनाव में बैड फील करायेगा। भाजपा सरकार को दलितों -पिछड़ों और अल्पसंख्यकों का विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहेब का संविधान बदलने का षड्यंत्र कर रही है। यदि बाबा साहेब का संविधान सुरक्षित रहेगा तभी मिलेगा सबको अपने हक और अधिकार,अन्यथा किसी को कुछ हासिल नही होगा। यह सरकार दलितों और पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करना चाहती है।सभी लोगों को एकजुट होकर भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर और डॉ राम मनोहर लोहिया, नेता जी मुलायम सिंह यादव के रास्ते पर चलकर दलितों-पिछड़ों के हक की लड़ाई लगातार लड़ रही है और उसी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए समाजवादी पार्टी लगातार केन्द्र और प्रदेश सरकार से जातीय जनगणना कराने की मांग को लेकर संघर्ष छेड़ रक्खीं है ताकि समाज के सभी लोगों को उनकी आबादी के हिसाब से उनका हक दिलाया जा सके ।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने दलितों,-पिछड़ों को मिलने वाला आरक्षण लगभग खत्म कर दिया है। उन्होंने ने कहा कि लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता तीनों एक दूसरे के पूरक हैं। वर्तमान भाजपा सरकार इन तीनों पर लगातार हमला कर रही है। हमें लोकतंत्र को कमजोर करने वाली ताकतों को डॉ भीमराव अम्बेडकर, डॉ लोहिया और नेता मुलायम सिंह के बताये रास्ते पर चलकर इनका मजबूती से जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी आंदोलन व्यवस्था परिवर्तन और सामाजिक न्याय की लड़ाई है। उन्होंने वर्तमान दौर को बदलने के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कहा कि आज देश गंभीर परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है। इस देश का लोकतंत्र, संविधान और देश का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप खतरे में है। प्रदेश कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्य रामधारी यादव ने नौदर में आयोजित जनपंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से तानाशाही के रास्ते पर चलकर देश की संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। यह सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग विरोधी दलों के नेताओं के चरित्र हनन और उन्हें परेशान करने के लिए कर रही है। उन्होंने कहा कि कहा कि आज देश में लगातार मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अपराध बढ़ता जा रहा है लेकिन भाजपा सरकार इस पर अंकुश न लगाकर केवल अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का अतिपिछड़ा प्रेम मात्र दिखावा है। इसने हमेशा दलितों और पिछड़ों को छलने का काम किया है। जब चुनाव नजदीक आता है तो भाजपा का पिछड़ा प्रेम जगता है । हमें इनसे सावधान रहने की जरूरत है।इन जनपंचायतों में मुख्य रूप से जै हिंद यादव, मार्कंडेय यादव, रविन्द्र प्रताप यादव, तहसीन अहमद, पंकज यादव, बलिराम यादव, रमेश यादव, राजेन्द्र यादव, सुभाष यादव, उपेन्द्र यादव, अनिल यादव, रजनीकांत यादव, प्रमोद यादव आदि उपस्थित रहे।



## मछली पकड़ने गए युवक की गहरे पोखरे में डूबकर मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नन्दगंज थाना क्षेत्र के हरखुपुर गांव में मंगलवार को दोपहर में बृजलाल गैस एजेंसी के समीप मछली पकड़ने के लिए पोखरे में घुसे एक युवक की डूबकर कर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के करैला सहेड़ी गांव निवासी अखिलेश कुमार राम उम्र 24 वर्ष अपने गांव के साथी राजू राम , विराट, तथा पठानपुरा गांव का जयहिंद बिंद के साथ हरखुपुर गांव स्थित बृजलाल गैस एजेंसी के पास जयहिंद बिंद के पोखरे में मछली मारने गए थे। तभी अकेले अखिलेश कुमार फसला जाल लेकर पानी के अंदर गया और गहराई ज्यादा होने के कारण पानी में डूबने लगा। जब उसके साथियों की नजर पड़ी तो चिल्लाने के साथ बचाव की कोशिश करने लगे। लेकिन अखिलेश देखते ही देखते गहरे पानी में समा गया। शोर गुल सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और पानी में कूद कर उसे खोजने लगे। बहुत कोशिश किये लेकिन कहीं पता नहीं चला। करीब डेढ़ घंटे बाद काफी मशक्कत से काटा के माध्यम से अखिलेश के शव को खोज कर बाहर निकाला गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।मृतक तीन भाइयों व एक बहन में सबसे बड़ा था। उसके पिता सुरेश राम की बहुत ही पहले ही मौत चुकी है। अखिलेश की अभी शादी नहीं हुई थी। घर में यही एक कमाऊ सदस्य था। माता उषा देवी के साथ परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के चाचा हरिराम ने अपने भतीजा अखिलेश को पोखरे में डूबकर मौत हो जाने की तहरीर दी है।

## भाजपा सरकार को गरीबो दलितो पिछड़ों और बेरोजगारों की कोई चिंता नहीं

बलिया। राम गोविंद चौधरी पूर्व नेता विरोधी दल विधानसभा उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रीय सचिव राम गोविंद चौधरी ने कहा कि वित्त मंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2024 /25 के देखने से स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार को गरीबो दलितो पिछड़ों और बेरोजगारों की कोई चिंता नहीं है न ही उसका विकास से कोई सरोकार है वह केवल जनता के धार्मिक आत्मिक भावनाओं को भूनाकर वोट में तब्दील करने में प्रयासरत रहती हैं। सरकार को वित्त वर्ष 2023/ 24 का मूल बजट रुपये 690242.43 करोड़ था अनुपूरक लिया रुपये 28766067.38 लाख अर्थात 287661.05 करोड़ कुल बजट लिया था रुपए 719003.48 करोड़ वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024/25 का बजट रुपए 736437.71 करोड़ है पिछला कुल लिया गया बजट घटाने पर रुपए 17434.23 करोड़ अधिक ले रहे है।

## श्री मार्कण्डेय महादेव महोत्सव की तैयारियां शुरू, केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय ने महोत्सव की बनायी रुपरेखा

प्रखर पूर्वाचल वाराणसी। केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद चंदौली डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय ने श्री मार्कण्डेय महादेव महोत्सव की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक कर महोत्सव के स्वरूप के विषय में विस्तार से चर्चा की उन्होंने बताया कि श्री मार्कण्डेय महादेव महोत्सव तीर्थ क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं को श्रृजित करेगा? ,तीन दिवसीय महोत्सव 10,11 एवं 12 फरवरी को आयोजित होगा` महोत्सव में बनारस के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को शिवमय बनाने के साथ ही महोत्सव को एक नये आयाम पर स्थापित करने के दृढ़ संकल्प के साथ यहां आ रहे हैं श्री मार्कण्डेय महादेव तीर्थ क्षेत्र पुर्वांचल के सबसे प्रमुख शिव तीर्थ क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखता है` शिव भक्तों की आस्था मंदिर के प्रति अगाध हैं आस्था के इस अथाह सागर में भक्तिरस से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम निश्चित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल होगा `कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले प्रमुख कलाकारों में मुख्य रुप से 10 फरवरी को ख्यातिलब्ध गायक हंसराज रघुवंशी,11 फरवरी को प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर तथा 12 फरवरी के मुख्य आकर्षण में भजन सम्राट अनूप जलोटा अपने भजनों से लोगों को भाव विभोर करने के लिए उपस्थित रहेंगे इसके साथ ही महोत्सव में स्थानीय कलाकारों की भी सहभागिता होगी` महोत्सव के पुर्व सम्पूर्ण तीर्थ क्षेत्र में वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की जायेगी ,डॉ पाण्डेय ने यहां के नियमित दर्शनार्थियों के साथ- साथ आने वाले सभी शिव भक्तों से भी वर्ष पर्यन्त तीर्थ क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए सहयोग करने की अपील भी की हैं उन्होंने बताया कि तीर्थ क्षेत्र में विकास की अनेक योजनाएं मुर्त रुप ले चुकी है तथा अनेक योजनाएं प्रगतिशील हैं` आज यह तीर्थ क्षेत्र गंगा पर्यटन में उत्तर प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना चुका है युवाओं के बीच मुख्य घाट से गंगा-गोमती संगम घाट तक बना पाथवे सेल्फी प्वाइंट के रुप में स्थापित हो रहा है।

## स्वयं सहायता समूह की भूमिका, ई-ग्राम स्वराज कार्य योजना अपलोड हेतु आवश्यक चरण एवं सावधानियों पर विस्तार से की चर्चा

बिल्थरारोड (बलिया)। उप्र शासन के निर्देश पर ग्राम पंचायतों को सही ढंग से संचालित करने के लिए ग्राम प्रधानों संग स्वयं सहायता समूह की सखियों को सीयर ब्लाक के डवाकरा हाल में सोमवार से शुरू हुए प्रथम चरण के प्रशिक्षण में प्रशिक्षक अमित राय तथा पूजा वर्मा ने शासन की वास्तविक नीतियों से जागरुक करते हुए ग्राम के विकास में नीतिगत तरीके से कार्य करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम प्रधानों संग स्वयं सहायता समूह की सखियों को सम्बोधित करते हुए ग्राम सभा की बैठक, ग्राम पंचायत का गठन, स्थाई समितियो तथा उनके कार्य, ग्राम सचिवालय की स्थापना एवं प्रदान की जा रही सेवाएं, शतत विकास लक्ष्य, 9 थीम जीपीडीपी एलएसडीजी आधारित गतिविधियों में स्वयं सहायता समूह की भूमिका, ई-ग्राम स्वराज कार्य योजना अपलोड हेतु आवश्यक चरण एवं सावधानियो पर विस्तार से चर्चा की। ब्यवहारिक परेशानियों के तहत ग्राम पंचायतों की अनियमित बैठकों के बारे में विस्तार से समाधान तथा जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षक द्वय ने सभी से अनेक सवालों को करके उत्तर भी प्राप्त किया, और संतोष जनक उत्तर के अभाव में उसको उचित दिशा निर्देश दिया। निर्विघ्न विकास के लिए ग्राम प्रधानों एवं स्वयं सहायता समूह की सखियों के अधिकार तथा उनके कार्य के बावत अनेक जानकारियां प्रदान की। ब्लाक प्रमुख सीयर आलोक कुमार सिंह ने खण्ड विकास अधिकारी शिवांकित वर्मा संग दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ किया। सहायक विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर ब्लाक मिशन मैनेजर भूपेन्द्र चौधरी, चन्द्र प्रकाश मिश्रा, ग्राम प्रधान संघ सीयर के अध्यक्ष रामभवन यादव, वरिष्ठ सहायक दयाशंकर राय, ग्राम पंचायत सचिवों में राजेश कुमार यादव, हरिकेश गुप्ता, अविनाश गुप्ता, विनोद गुप्ता, संतोष यादव, खण्ड प्रेरक अजय वर्मा, पंकज गिरि, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।




## पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्रों में 1 नाबालिग सहित 4 वांछितों को किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवम् अपराधियो के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा के निकट पर्यवेक्षण में थाना दुल्लहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 16/2024 धारा 304,452,504 आईपीसी से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्त को जो दिनांक 03 फरवरी 24 से वांछित चल रहे थे, जिसको मंगलवार को समय करीब 8.50 बजे ग्राम देवा थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर से गिरफ्तार किया गया तथा 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, अन्य विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाने द्वारा की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त गणों में अरविन्द राजभर पुत्र रामकृत राजभर निवासी देवा थाना दुल्लहपुर, रामकृत राजभर पुत्र बाढू राजभर निवासी देवा रहे जबकि गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ अशोक कुमार मिश्रा, कांस्टेबल रोहित सिंह, कांस्टेबल अमन निर्मल शामिल रहे। इसी प्रकार प्रभारी निरीक्षक थाना मुहम्मदाबाद गाजीपुर के कुशल निर्देशन में मंगलवार को को उप निरीक्षक अजय प्रकाश पाण्डेय मय हमराहीगण द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 20/2024 धारा 147/148/ 323 / 504 / 325 /342/307/427/120बी आईपीसी व 3(1)(द), 3(1)(ध) व 3(2) एससी/ एसटी एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्तगण आशू चौबे पुत्र कृपाशंकर चौबे उम्र 22 वर्ष, सोनू यादव पुत्र हरिहर यादव उम्र 30 वर्ष निवासीगण ग्राम न्यायीपुर विद्यापुर थाना बरेसर जनपद गाजीपुर को बालापुर मोड़ के पास से समय करीब 11.30 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अजय प्रकाश पाण्डेय थाना मुहम्मदाबाद, कांस्टेबल सतीश पाल, कांस्टेबल सचिन वर्मा थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## टहलने निकली युवती की चाकू गोदकर हत्या, घर के 50 मीटर दूर मिली लाश

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के मलेठी गांव में बीती रात 10:00 बजे युवती के घर से 50 मीटर की दूरी पर खड़ंजे पर ही शव मिला तथा शव से दो मीटर के दौरे मोबाइल मिली और पांच मीटर पर चप्पल मिला।मृतका श्वेता बारी 35वर्ष पत्नी स्वर्गीय सुनील बारी निवासी मलेठी गांव में अपने घर से 500 मीटर की स्थित खड़ंजा पर रोजाना रात 9:00 बजे कई चक्कर टहलती थी और बीती रात 10:00 बजे खड़ंजे पर शव मिलने से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। मृतका के ससुर लाल जी बारी ने बताया कि रात 8:00 बजे गांव में ही तिलक उत्सव के कार्यक्रम में हम और मृतका के दो बच्चे चले गए थे 9:30 बजे खाना खाने के बाद घर लौटे तो बच्चों ने कहा कि मम्मी कहां है और उसका जब फोन लगाया गया तो घंटी कई बार रिंग गई लेकिन फोन नहीं उठा तो टॉर्च लेकर खोजने निकले तो घर से 50 मीटर की दूरी पर ही चाकू से वार किया हुआ शव खड़ंजा पर ही मिला। तत्काल देखते ही देखते ग्रामीण की भीड़ इकट्ठा हो गई ।लोगों ने शव उठाकर घर लाकर एक खाट पर रख दिया ।तत्काल मौके पर प्रधान धनंजय प्रजापति ने दुल्लहपुर थाना अध्यक्ष को सूचित किया ।मौके पर एसपी ओमवीर सिंह, एडिशनल एसपी, पुलिस उपाधीक्षक बलराम ,थाना अध्यक्ष अशोक मिश्रा सहित कई थाने की पुलिस फोर्स मौके में पहुंच गई। शव को कब्जे में लेते हुए 500 मीटर के रास्ते के खड़ंजा पर पूरी रात छानबीन की लेकिन कोई ठोस सबूत नहीं मिला। रात में ही मृतका के ससुर लाल जी बारी ने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ थाने में तहरीर दी ।पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए घटना के खुलासा करने में जुट गई। इस सिलसिले में एसपी ओमवीर सिंह ने कहा कि कई सबूत हाथ लगे हैं जल्द खुलासा किया जाएगा। युवती को निर्मम तरीके से हत्या की गई है। हमलावर कहीं न कहीं तीन चार की संख्या में रहे होंगे और शरीर पर चाकू से तीन वार किया गया था। कमर में दो सीने में एक हालांकि मौके पर शव के पास ब्लड का निशान नहीं था। बात चीत के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि हत्या कहीं और करके घर के समीप 50 मीटर की दूरी पर रास्ते पर रखा गया था। कहीं भी महिला के साड़ी सहित अन्य जगहों पर ना तो धूल का निशान था ना ही ब्लड का निशान था ।चाकू से वार किया गया वही बस दिखा। मृतका के ससुर लाल जी बारी के अनुसार 2007 में मृतिका श्वेता बारी निवासी आजमगढ़ जनपद के सिधारी थाना क्षेत्र के मोहम्मद हालदारपुर के शादी सुनील से हुआ था ।4 जून 2023 को बीमारी के चलते मृतका के पति सुनिल की मौत हो गई ।इसके बाद मृतका श्वेता अपने दो बच्चे आर्यन और आयुष के साथ अपने ससुर और देवर के साथ ही रहती थी। मृतका गांव की महिलाओं के साथ मिलनसार थी और रोजाना देर शाम को गांव से 500 मीटर की दूरी पर खड़ंजा पर कई चक्कर टहलती थी। परिजनो ने बताया कि हम लोगों से किसी से कोई रंजिश नहीं है ना ही किसी का कोई विवाद है ।यह घटना कैसे हो गई यह हम लोगों की समझ में नहीं आ रही ।उन्होंने बताया कि सबसे बड़े बेटा सुनील जो बीमारी के चलते मौत हो गई।दूसरे बेटा पंकज मलेठी चट्टी पर अपने परिवार के साथ अलग रहते हैं।ओमप्रकाश घर लघु उद्योग का कार्य करते हैं । सबसे छोटा बेटा आनंद मुंबई प्राइवेट कंपनी में काम करता है ।घर पर मृतका के बुजुर्ग सास निर्मला देवी सहित मृतका के दो बच्चे रहते हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता एलईडी वैन को ब्लॉक प्रमुख ने किया रवाना



प्रखर मिजार्पुर। जल जीवन मिशन हर घर जल योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा एलईडी वैन के माध्यम से जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ विकास खण्ड राजगढ़ से हुआ विकास खण्ड में उपस्थित अधिकारीगण खण्ड विकास अधिकारी ,सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह तथा अन्य कर्मचारी द्वारा एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर गाड़ियों को किया रवाना, संस्था -एक्शन फॉर रूरल नोयडा से जिला कोर्डिनेटर पंकज कुमार गौड़ , सहायक जिला परियोजना समन्वयक,नवीन कुमार श्रीवास्तव प्रवेश यादव, शिव शंकर प्रसाद, रविंद्र यादव, रोहन, शिवम, दिनेश,उमाकांत,शुभम यादव तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अनुसूचित जनजाति भाजपा जिलाध्यक्ष का बढ़ा कद, अब होंगे क्षेत्रिय अध्यक्ष



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भाजपा ने गाजीपुर के अनुसूचित जनजाति के जिला अध्यक्ष को पदोन्नति दे दी है। अब उन्हें क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। काशी क्षेत्र के तीन और पदाधिकारियों को प्रदेश इकाई में जगह मिली है। इससे काशी क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उत्साहित हैं। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डा संजय गौड़ ने मंगलवार की देर शाम प्रदेश इकाई के गठन के साथ ही क्षेत्रीय अध्यक्षों के नाम का एलान कर दिया। इसकी जानकारी गृह जनपद गाजीपुर में हुआ तो स्थानीय कार्यकताओं में हर्ष का माहौल बना रहा स्थानीय कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर पार्टी के इस निर्णय का स्वागत किया। इस अवसर पर अनूप खरवार,अमरेंद्र खरवार, विनोद खरवार, पिंटू गौड़ धनंजय कश्यप, त्रिलोकी प्रधान, धीरज खरवार, त्रिवेणी प्रसाद, गोपाल खरवार, दीनानाथ गौड़ संजय प्रसाद आदि लोगों ने भाजपा के प्रति आभार जताया।

### नौ मार्च को होगा गाजीपुर, सैदपुर, मुहम्मदाबाद व जखनियां में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 09 मार्च 2024 को जनपद न्यायालय, गाजीपुर, वाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद व ग्राम न्यायालय जखनियां के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में किया जाएगा। विजय कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व की भांति माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन.आई.एक्ट, स्टाम्प वाद/पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद को परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

### दिव्यांग बच्चों के लिए पांच दिवसीय नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण का शुभारंभ

दुबहर, बलिय। स्थानीय शिक्षा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय अखार पर सोमवार को समग्र शिक्षा के अंतर्गत दिब्यांग बच्चों के लिए पांच दिवसीय नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया । प्रशिक्षण का उद्घाटन दुबहर के खंड शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया ।उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को पढ़ने के विभिन्न कौशल इस प्रशिक्षण में सीखने के साथ ही आप लोग अपने विद्यालय के दिव्यांग बच्चों के विशेष गुण पर फोकस करने की भी आवश्यकता है,जैसे संगीत,पेंटिंग आदि। दिव्यांग बच्चों में कोई न कोई ईश्वरीय गुण जरूर होता हैं। प्रशिक्षक शैलेंद्र शर्मा,रीना राय वह मंजूलता सिंह द्वारा समावेशी शिक्षा पर विशेष प्रकाश डालकर दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा देने के तौर तरीकों को बताया गया। प्रशिक्षण में शिक्षा क्षेत्र के 50 विद्यालयों के नोडल शिक्षक सम्मिलित हुए । इस मौके पर अनिल कुमार राजेश पांडेय,तिरुपति पांडेय,विभूति नारायण पांडेय विजय प्रकाश गुप्ता, अजहर हुसैन,मोहम्मद कैश,पंकज सिंह, चन्द्रगुप्त सहित अनेक लोगों उपस्थित रहे अध्यक्षता अरुण कुमार तथा संचालन विद्यासागर गुप्ता ने किया।

### समाज एवं परिवार के विचार विमर्श एवं आपसी सहमति से बड़े से बड़े समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है

दुबहर, बलिया। समाज एवं परिवार के विचार विमर्श एवं आपसी सहमति से बड़े से बड़े समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। उक्त बातें किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य डॉक्टर सुभाषिनी तिवारी ने स्थानीय थाने पर आयोजित सुलह समझौते के दौरान कही। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक बलिया के निर्देश पर जनपद के प्रत्येक थानों में आपसी सुलह समझौते की कार्यवाही चल रही है, जिसमें प्रत्येक थानों पर दो काउंसलर, एक पुरुष तथा दूसरा महिला सामाजिक सेवा के रूप में विवादों के निपटारे के लिए नियुक्त किए गए हैं। मौके पर थानाध्यक्ष अजय कुमार त्रिपाठी, एस आई मोतीलाल, विश्वजीत सिंह, अर्चना, रीमा यादव उपस्थित लोग मौजूद रहे।

### गांव चलो अभियान के तहत कम्बल वितरण का कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सिकन्दरपुर (बलिया)। तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा सिवानकला में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव चलो अभियान के तहत भाजपा नेता सत्येन्द्र राजभर के सौजन्य से कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजन हुआ, जिसमें बढ़ती ठंड से ठिठुर रहे गरीबों व असहायों को राहत पहुंचाने हेतु सैकड़ों लोगों को कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सत्येन्द्र राजभर ने कहा कि चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने गांव चलो अभियान की शुरूआत करने का ऐलान किया है। भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, दलित व वंचितों को समर्पित रही है। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय शुरू हुई विकास यात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वट वृक्ष का रूप ले लिया है। आज मोदी सरकार गांव व गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही हैं। कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की कोशिश लगातार की जा रही है। पीएम मोदी सरकार के प्रति जनता का विश्वास लगातार मजबूत होता जा रहा है। कम्बल वितरण के उपरांत कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना मेरी दिनचर्या में शामिल है। उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया कि जितना हो सके मैं अब असहायों को ठंड से मरने से बचाऊंगा।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई

**रांची।** ईडी की ओर से झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हेमंत सोरेन की ओर से हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट या याचिका दायर की गई थी, जिसपर सुनवाई हुई। पूर्व सीएम सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट से मामले की सुनवाई जल्द करने का आग्रह किया। जिसके बाद जस्टिस एस चंद्रशेखर की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए ईडी को 9 फरवरी तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा।

### ई-रिक्शा की बैटरी फटी तेजाब से 5 लोग झुलसे

**बिजनौर।** शहर में भीषण हादसा हुआ है। तेज धमाके के साथ ई-रिक्शा की बैटरी फट गई। इससे निकले तेजाब से पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इसके साथ ही ई-रिक्शा में आग लग गई। इस घटना से खलबची मच गई। आनन-फानन लोगों ने झुलसे लोगों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे का शिकार हुए एक ही परिवार के तीन लोग शादी में शामिल होने के बाद मेरठ जा रहे थे। घटना सोमवार दोपहर की है। झालू कस्बे में चौराहे पर एक बैंकट हॉल के पास से झाल निवासी शमीम अहमद ई-रिक्शा में चार सवारी लेकर बिजनौर के लिए निकला था।

### रूस के खिलाफ यूरोपीय संघ के नए प्रतिबंध लागू

**मॉस्को।** रूस के खिलाफ यूरोपीय संघ की ओर से लगाये गये नये प्रतिबंध कई व्यक्तियों और कानूनी संस्थाओं को प्रभावित करेंगे। ब्लूमबर्ग ने सोमवार को इस मामले से जुड़े सूत्रों का हवाला दिया और कहा कि आर्थिक उपाय भी विकसित किए जा रहे हैं, लेकिन 24 फरवरी तक इनके तैयार होने की संभावना नहीं है। समाचार एजेंसी ने सोमवार को बताया कि रूस के खिलाफ जी7 देश भी प्रतिबंध लगाने की तैयारी में हैं, जो 24 फरवरी से पहले लागू कर दिये जाएंगे।

### व्यासजी के तहखाने में बजेगा 11 किलो का घंटा

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मामले में सोमवार को एक और याचिका दायर, बचे हुए तहखानों के वैज्ञानिक सर्वे की मांग की गई। ज्ञानवापी परिसर में व्यासजी के तहखाने में 11 किलो के दो घंटे को लगाया जा रहा है। ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यासजी के तहखाने में विग्रहों की पूजा शुरू होने के पांच दिन बाद अब दानदाता भी सामने आ रहे हैं। दो स्थानीय भक्त महेश रस्तोगी और संजय रस्तोगी ने घंटे-घड़ियाल का दान किया है। भक्तों ने 11 किलो का घंटा, घंट-घड़ियाल साथ में आरती दिखाने के लिए दीपक दान किया है। मंदिरों और शिवालयों की तरह व्यास तहखाने में कोई घंटा नहीं टंगा था। इसको देखते हुए दोनो दानदाताओं ने ये दान

### राहूकाल पूजा में शामिल हुए 30 रूसी श्रद्धालु

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश का श्रीकालहस्ती मंदिर राहूकाल की पूजा के लिए प्रसिद्ध है। इस मंदिर में राहूकाल की पूजा के साथ-साथ कालसर्प की पूजा होती है। श्रीकालहस्ती मंदिर आंध्र प्रदेश के रायलसीमा क्षेत्र के चित्तूर जिले में स्थित है। इस मंदिर को प्राचीन पल्लव काल के दौरान बनाया था। रविवार को 30 रूसी भक्तों के समूह ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति में श्रीकालाहस्ती देवस्थानम मंदिर में 'राहु केतु पूजा' में भाग लिया। सभी पर्यटक मंदिर परिसर में पहुंचे और वहां इस पूजा के बारे में जानकर विधि-विधान पूजा करवाई गई। सभी रूसी पर्यटक भारतीय वेशभूषा में नजर आए और सभी ने मंत्रो के उच्चारण के साथ पूजा में हिस्सा लिया।

### आज का इतिहास

- 1890: स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान का जन्म।
- 1911: अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रेगन का जन्म।
- 1918: 30 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं को वोटिंग का हक
- 1931: भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के पिता मोतीलाल नेहरू का इलाहाबाद में निधन।
- 1952: एलिजाबेथ द्वितीय ने ग्रेट ब्रिटेन की राजगद्दी संभाली। उन्होंने वर्ष 2002 में ब्रिटिश के राज सिंहासन पर अपने 50 वर्ष पूरे करने का जश्न मनाया था।
- 1958: म्यूनिख में एक हवाई हादसे में 21 लोग मारे गए।
- 1959: जस्टिस अन्ना चांडी केरल हाईकोर्ट की पहली महिला जज नियुक्त।
- 1971: चांद पर पहुंचे एलन शेपर्ड ने दो दिन तक चांद पर चहलकदमी के दौरान गोल्फ बॉल को हिट किया।

## टेलर स्विफ्ट के एल्बम मिडनाइट्स को मिला एल्बम ऑफ द ईयर ग्रैमी अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** 66वें ग्रैमी में अमेरिकन सिंगर टेलर स्विफ्ट को अपने एल्बम 'मिडनाइट्स' के लिए एल्बम ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मिला है। उन्होंने इस कैटेगरी में चौथी बार ग्रैमी जीतकर रिकॉर्ड बनाया है। अवॉर्ड नाइट में उन्होंने बेस्ट पॉप वोकल एल्बम कैटेगरी में भी ग्रैमी जीता। यह टेलर के करियर का 14वां ग्रैमी अवॉर्ड है। ग्रैमी अवॉर्ड का ये 66वां संस्करण है। ग्रैमी म्यूजिक की दुनिया में दिए जाने वाला सबसे बड़ा अवॉर्ड है। अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो.कॉम एरीना में हुआ। इवेंट में एसजेडए , बिली एलिश, दुआ लिपा, ओप्रा विनफ्रे, मेरिल स्ट्रीप समेत कई बड़े कलाकार शामिल हुए। इनमें से कई कलाकारों ने स्टेज परफॉर्मेंस भी दी।



**45 साल बाद रिलीज हुआ पहला एल्बम, 1973 में हुई थी शुरुआत:** फ्यूजन बैंड शक्ति ने 45 साल बाद अपना पहला एल्बम रिलीज किया, जिसे सीधे ग्रैमी अवार्ड मिला है। इंग्लिश गिटारिस्ट जॉन मैकलॉलिन ने 1973 में भारतीय वॉयलिन प्लेयर एल. शंकर, तबला वादक जाकिर हुसैन और टी.एच. 'विक्कू' विनायकराम के साथ फ्यूजन बैंड 'शक्ति' की शुरुआत की थी। हालांकि, 1977 के बाद ये बैंड बहुत एक्टिव नहीं रहा। 1997 में जॉन मैकलॉलिन ने फिर से इसी कॉन्सेप्ट पर 'रिमेम्बर शक्ति' नाम से बैंड बनाया और इसमें वी. सेल्वागणेश (टी.एच. विक्कू विनायकराम के बेटे), मैंडोलिन प्लेयर यू. श्रीनिवास और शंकर महादेवन को शामिल किया। 2020 में ये बैंड फिर से साथ आया और 'शक्ति' के तौर पर इन्होने 46 साल बाद अपना पहला एल्बम 'दिस मोमेंट' रिलीज किया।

**क्या है ग्रैमी अवॉर्ड :** यह अवॉर्ड एक अमेरिकी ऑर्गेनाइजेशन की तरफ से दिया जाता है। म्यूजिक इंडस्ट्री में शानदार काम के लिए ये अवॉर्ड दिया जाता है। इसका नाम एक ग्रामोफोन पर रखा गया है। संगीत की दुनिया के महारथियों को ग्रैमी अवॉर्ड दिया जाता है।

### ग्रैमीज में सोने की 14,000 सेफ्टी पिन से निर्मित ड्रेस पहन माइली साइरस ने चौंकाया



पॉप स्टार माइली साइरस ने रविवार को ग्रैमी के रेड कार्पेट पर 14,000 सोने की सेफ्टी पिन से बना गाउन पहनकर सबको चौंका दिया। फराह फॉसेट-शैली में उन्होंने बाल को डिजाइन किया। माइली गायक-गीतकार (जिसने अपना पहला ग्रैमी पुरस्कार जीता) डिजाइनर मैसन मार्जिएला से एक कस्टम लुक तैयार किया गया था, जिसे बनाने के लिए हाउस ने 675 घंटे का सावधानीपूर्वक काम किया था। मैटालिक, नेट जैसी पोशाक में 1920 के दशक के फ्लैपर व मिस्र की देवी दोनों शामिल थे, इसके पिन कॉलर, अंडरगारमेंट्स के समान जटिल रूप से व्यवस्थित थे। फ्रांसीसी लेबल के क्रिएटिव डायरेक्टर जॉन गैलियानो प्रेरणा के लिए स्वयं के अभिलेखागार में डुबकी लगाते दिखे, कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने साइरस के आकर्षक गाउन और डिजाइनर के फ़ॉल 1997 रेडी-टू-वियर कलेक्शन के टुकड़ों के बीच समानता की ओर इशारा किया।

### अवॉर्ड जीतने के तुरंत बाद रैपर गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** ग्रैमी अवार्ड सेरेमनी में तीन अवॉर्ड्स जीतने वाले सिंगर किलर माइक सेरेमनी से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी अवॉर्ड रिसीव करने के ठीक बाद हुई। हालांकि अभी तक गिरफ्तारी की वजह साफ नहीं हुई है। किलर माइक ने सेरेमनी में तीन अवॉर्ड जीते, जिनमें बेस्ट रैप एल्बम, बेस्ट रैप परफॉर्मेंस, बेस्ट रैप सॉन्ग का ग्रैमी शामिल है।

### राहुल गांधी ने चलाई 200 किलो कोयले से लदी साइकिल, बोले-

## भाजपा को मंजूर नहीं आदिवासी सरकार, एक साथ खड़े हुए तो बची

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का चौथा दिन है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को अपने यात्रा की शुरुआत रामगढ़ के महात्मा गांधी चौक से की। इस दौरान राहुल गांधी ने साइकिल पर कोयला ले जा रहे युवाओं से मुलाकात की। रांची में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड में आपकी सरकार को क्यों हटाया गया। क्योंकि, यहां आदिवासियों की सरकार थी, जो बीजेपी को स्वीकार नहीं। लेकिन, हमलोग एक साथ खड़े हुए तो सरकार बच गई। केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करके लोकतंत्र पर अटैक किया जा रहा है और जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। हमारा गठबंधन लोकतंत्र की आवाज को कभी दबने नहीं देगा। मोदी जी कहा करते है वो पिछड़े वर्ग से है। जब उनसे कहा गया कि जाति जनगणना करवा दीजिए तो उन्होंने कहा कि देश में दो ही जाति है एक अमीर है, एक गरीब है।

**नोट बंदी और जीएसटी के जरिए मोदी सरकार पर किया हमला :** नोट बंदी..जीएसटी के बाद देश में भयंकर बेरोजगारी फैल गई है। छोटे व्यापारियों को देश में खत्म कर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने नोट बंदी के नाम पर छोटे व्यापारियों को खत्म कर दिया है। आज देश का युवा रोजगार हासिल नहीं कर सकता है। जब तक दिल्ली की सरकार नहीं बदलेगी, तब तक देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है।

**धीरे-धीरे सार्वजनिक क्षेत्र को खत्म किया जा रहा है :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार धीरे-धीरे सार्वजनिक क्षेत्र को खत्म कर रही है। केंद्र सरकार चाहती है कि ॥श्वष्ट काम न करे और आने वाले दिनों में वे ॥श्वष्ट का नाम बदलकर अडाणी का नेमप्लेट लगा देंगे। वे इसका निजीकरण करना चाहते हैं। मैं जहां भी जाता हूं, वहां मुझे पीएसयू के लोग हाथों में पोस्टर लेकर खड़े दिखते हैं।



### राहुल गांधी ने हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से की मुलाकात

**रांची, (आरएनएन)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर सोमवार को यहां पहुंचे। यहां श्री गांधी ने हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात की तस्वीर कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल से साझा की गई है। इसके साथ ही लिखा गया है कि आज हम सभी एकजुट होकर न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे, जनता की आवाज बुलंद करेंगे। नफरत हारेगी, इंडिया जीतेगा।

### देश में हो रहे अन्याय मोदी जी के मंत्रियों को नहीं दिख रहा

राहुल गांधी ने कहा कि देश में आर्थिक अन्याय, महिलाओं के खिलाफ अन्याय और मजदूरों के खिलाफ अन्याय हो रहे है। ये अन्याय मोदी जी और उनके मंत्रियों को नहीं दिखता है। इसी को लेकर हमने न्याय यात्रा शुरू की है। हिंसा से कुछ नहीं होने वाला है। इससे बेरोजगारी और महंगाई फैलेगी। इससे केवल अडाणी जी का पैसा बढ़ेगा।

### सरना धर्म कोड लागू होकर रहेगा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड में लंबे समय से सरना धर्म कोड की मांग हो रही है, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया। सरना धर्म कोड देना होगा। उन्होंने जनसभा को आह्वान करते हुए कहा कि हम सरना धर्म कोड दिलाकर रहेंगे।

**जनसभा से पहले कोयले से लदी साइकिल के साथ फोटो किया शेयर:** राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करने से पहले 200 किलो कोयले से लदी साइकिल को चलाया और इसका फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर लिखा- साइकिल पर 200-200 किलो कोयला लेकर रोज 30-40 किलोमीटर चलने वाले इन युवाओं की आय नाम मात्र है। बिना इनके साथ चले, इनके भार को महसूस किए, इनकी समस्याओं को नहीं समझा जा सकता। इन युवा श्रमिकों की जीवनगाड़ी धीमी पड़ी, तो भारत निर्माण का पहिया भी थम जाएगा।

**रांची में सभा करेंगे राहुल गांधी :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उनके समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान उन्होंने वहां स्कूली बच्चों से मुलाकात भी की। सुबह 10 बजे राहुल गांधी ने रांची में प्रवेश किया।

## गुजरात में हेट स्पीच देने वाला मौलाना मुंबई से गिरफ्तार



**मुंबई।** भड़काऊ भाषण केस में आरोपी मुफ्ती सलमान अजहरी को रविवार को गुजरात एटीएस दो दिन के ट्रांजिट रिमांड पर जूनागढ़ ले गई। मौलाना पर 31 जनवरी को जूनागढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान भड़काऊ भाषण देने के आरोप में हिन्दू संगठनों ने केस दर्ज करवाया था।

गुजरात एटीएस ने मुंबई की एक अदालत में मुफ्ती सलमान अजहरी की रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने रविवार शाम को दो दिन की ट्रांजिट रिमांड मंजूर कर ली। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए उसे घाटकोपर पुलिस थाने लाया गया था। रात एक बजे मौलाना के हजारों समर्थकों ने उसकी रिहाई के लिए घाटकोपर थाने का घेराव किया। हंगामा बढ़ता देख पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। रात 2 बजे गुजरात एटीएस मौलाना को लेकर जूनागढ़ रवाना हो गई। लेकिन पुलिस अभी जूनागढ़ पहुंची नहीं है। फिलहाल एटीएस के अहमदाबाद ऑफिस में मौलाना को रखा गया है। 31 जनवरी को मौलाना ने जूनागढ़ के बी' डिवीजन पुलिस थाने के पास एक कार्यक्रम में कहा था- कुछ देर की खामोशी है फिर शोर आएगा, आज कुत्तों का वक्त है, कल हमारा दौर आएगा। हिन्दू संगठनों ने इस बयान पर नाराजगी जताते हुए मौलाना पर धारा 153, 505, 188, 114 के तहत मामला दर्ज किया था।

## पाकिस्तान में थाने पर आतंकी हमला, 10 पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दरबार शहर में सोमवार सुबह एक पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला हुआ है। इसमें 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है और 6 घायल हुए हैं। ये हमला चुनाव से 3 दिन पहले हुआ है। 8 फरवरी को यहां चुनाव है। फिलहाल हमले की जिम्मेदारी किसी आतंकी संगठन ने नहीं ली है।

**चुनाव से 3 दिन पहले सुबह 3 बजे हमला**

पुलिस चीफ अख्तर हयात ने न्यूज एजेंसी को बताया-30 आतंकियों ने सोमवार सुबह करीब 3 बजे दरबार शहर के पुलिस स्टेशन पर हमला किया। उन्होंने थाने को चारों तरफ से घेरा और ग्रेनेड फेंके। इसके बाद गोलीबारी शुरू कर दी। हमने भी जवाबी कार्रवाई की। ये करीब ढाई घंटे चली लेकिन आतंकी भाग निकले। उन्हें पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। वहीं बलूचिस्तान में पाकिस्तानी इलेक्शन कमीशन के बाहर धमाका हुआ।

## चिली में धधके जंगल, 112 मौतें



**सैंटियागो।** साउथ अमेरिकी देश चिली के जंगलों में आग लगी है। ये रिहायशी इलाकों में फैल गई है। अब तक 112 लोगों की मौत हो चुकी है। आंकड़ा बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। सैकड़ों लोग लापता हैं। सबसे पहले वीना डेल मार और वलपरिसो शहर के जंगलों में आग लगी। ये लगातार फैल रही है। हजारों घर खाक हुए हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, आग में घर खो चुके एक शख्स ने कहा- आग फैलने से हालात न्यूक्लियर बम फटने जैसे हो गए हैं। यहां कुछ नहीं बचा है। आसमान से राख बरस रही है। मेरा घर खाक हो गया। दोस्तों की मौत हो गई है। गंभीर हालत को देखते हुए राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने देश में आपातकाल की घोषणा कर दी है। दो दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा भी की गई है।

**हालात न्यूक्लियर बम फटने जैसे, आपातकाल लगाया**

**सड़कों पर शव बिखरे:** लोग कारों में बैठकर यहां से भागने की कोशिश कर रहे हैं। कई जलते हुए पेड़ सड़कों पर गिरे हुए हैं। इस वजह से ट्रैफिक जाम हो रहा है। ऐसी स्थिति में कई कारें जल गईं और उनमें सवार लोगों की मौत हो गई। कई शव सड़कों पर बिखरे हुए हैं।

## सीबीआई ने यूट्यूबर दीप्ति के खिलाफ चार्जशीट दायर की

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर और सेल्फ-डिक्लेयर्ड इन्वेस्टिगेटर दीप्ति आर पिन्निती के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई है। दीप्ति ने अपने चैनल के वीडियोज पर ये दावा किया था कि श्रीदेवी के निधन से जुड़े मामले में भारतीय व यूएई सरकार ने कुछ फैक्ट्स छुपाए थे। मुंबई की रहने वाली वकील चांदनी शाह ने दीप्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अब सीबीआई ने शिकायत के जवाब में चार्जशीट फाइल की है।

**श्रीदेवी की मौत पर सनसनीखेज दावों का समर्थन करने फर्जी दस्तावेज किए तैयार**

### यह है पूरा मामला

सीबीआई अफसरों ने कहा कि यूट्यूबर दीप्ति ने अपने दावों के समर्थन में पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य ऑफिशियल्स के जाली पत्रों का प्रमाण दिया है। दरअसल दीप्ति ने सुशांत सिंह राजपूत के निधन पर भी सनसनीखेज आरोप लगाए थे। सुशांत का निधन साल 2020 में हुआ था। दीप्ति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर श्रीदेवी और सुशांत सिंग राजपूत के निधन पर टिप्पणी की थी। वकील चांदनी शाह ने यूट्यूबर दीप्ति और उनके वकील भरत सुरेश कामथ के खिलाफ शिकायत दर्ज की।

### 3 राज्यों में भारी बर्फबारी, हिमाचल में 645 सड़कें बंद

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी राज्यों में बर्फबारी व ठंड का असर सतत् जारी है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और लद्दाख में बीते 4 दिनों से बर्फबारी हो रही है। यहां मंगलवार के लिए भी अलर्ट जारी किया है। हिमाचल में बर्फबारी से 4 नेशनल हाईवे समेत 645 सड़कें बंद हैं। चिरगांव में 35 सेंटीमीटर और मनाली में 23 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई। इससे पानी और बिजली की सप्लाई भी प्रभावित हुई। वहीं, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में शनिवार रात को तापमान -11 डिग्री पर पहुंच गया।

## द. कोरिया की कोर्ट ने 2015 के विलय मामले में सैमसंग चेयरमैन को किया बरी

**सोल।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने शेयर मूल्यों में हेरफेर करने और 2015 में सैमसंग की दो सहायक कंपनियों के विवादास्पद विलय के संबंध में धोखाधड़ी के आरोपी सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स के चेयरमैन ली जे योंग को सोमवार को बरी कर दिया। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है।

श्री योंग पर कम लागत पर समूह पर नियंत्रण करने के लिए चेइल इंडस्ट्रीज और सैमसंग सी एंड टी के विलय के दौरान बाजार में अनियमितताओं में शामिल होने के लिए धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था।

अभियोजकों ने श्री जोंग पर स्टॉक मूल्य में हेराफेरी, विश्वास तोड़ने और लेखांकन धोखाधड़ी का संदेह जताया था। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष सैमसंग सी एंड टी और चेइल इंडस्ट्रीज के बीच विलय को गैरकानूनी और सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स पर ली के नियंत्रण को मजबूत करने के उद्देश्य को पर्याप्त रूप से साबित करने में विफल रहा। कथित तौर पर उद्योगपति जोंग



ने बाजार सूचना को गलत तरीके से प्रसारित करने, सहयोगियों के शेयरों को खरीदने और सैमसंग सीएंडटी की कीमतों को कम करने और चेल इंडस्ट्रीज की कीमतों को बढ़ाने के लिए एक सौदे के लिए अवैध रूप से पैरवी करने का सहारा लिया। श्री योंग 23.2 फीसदी हिस्सेदारी के साथ चेइल इंडस्ट्रीज के सबसे बड़े शेयरधारक थे, जबकि सैमसंग सीएंडटी सैमसंग ग्रुप होल्डिंग कंपनी की मूल कंपनी थी।

### ब्रिटेन के किंग चार्ल्स-3 को कैंसर, शाही परिवार ने दी जानकारी



**लंदन।** ब्रिटेन के किंग चार्ल्स-3 इन दिनों एक तरह के कैंसर से जूझ रहे है। 75 साल के किंग चार्ल्स को हाल ही में बढ़े हुए प्रोस्टेट के इलाज के कैंसर बीमारी से ग्रस्त होने का पता चला। हालांकि, ये प्रोस्टेट कैंसर नहीं है। किंग चार्ल्स-3 को कौन सा कैंसर है, इसका खुलासा नहीं किया गया है। बकिंघम पैलेस ने कहा कि सोमवार से उनका रेगुलर ट्रिटमेंट शुरू किया गया। बकिंघम पैलेस का कहना है कि किंग चार्ल्स-3 अपने इलाज के बारे में पूरी तरह से पॉजिटिव हैं। वो जल्द से जल्द अपनी जिम्मेदारियां निभाने पब्लिक लाइफ में लौटने को उत्सुक हैं।

**Filmiतड़का**

## भूमि से 14 वर्ष में हुई थी छेड़छाड़...

**एक्ट्रेस इंटरव्यू में बोलीं- भीड़ में किसी ने गलत तरह से छुआ था**

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर जल्द ही 'भक्षक' फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस बीच एक इंटरव्यू के दौरान भूमि ने अपनी जिंदगी के कुछ पुराने किस्सों को शेयर किया। उन्होंने बताया कि 14 साल की उम्र में उनके साथ छेड़छाड़ हुई थी। वो ट्रॉमा इतना गहरा था कि भूमि आज दिन तक नहीं भुला पाईं। भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'भक्षक' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। एक इंटरव्यू में भूमि ने बताया कि जब वे 14 साल की थीं, तब हैरेसमेंट का शिकार हुई थीं। उन्होंने कहा- मुझे बहुत अच्छे से याद है, ये उन दिनों की बात है जब बांद्रा में फेयर लगते थे। मैं शायद 14 साल की थी और अपने परिवार के साथ फेयर घूमने आई थी। मुझे पता था कि मेरे साथ जो हो रहा था, वो गलत था। ऐसा नहीं है कि मैं अनजान थी। मैं चल रही थी और कोई मेरे पीछे चुटकी काट रहा था। हालांकि, मैंने पीछे मुड़कर देखा, लेकिन मुझे समझ नहीं आया कि यह किसने किया क्योंकि वहां बहुत भीड़ थी। कोई मुझे बार-बार गलत तरीके से छूने की कोशिश कर रहा था। इस वजह से मैं बहुत परेशान हो रही थी। सोचिए मैं वहां अपने परिवार के साथ थी। बिल्डिंग के बच्चों का ग्रुप भी उस फेयर में मौजूद था। फिर भी ये सब हुआ। मुझे अभी भी वो पूरा इंसिडेंट अच्छी तरह से याद है। उसका चुटकी काटना और मुझे पिंच करना मैं कभी नहीं भूल सकती हूं।

## खूंखार, खतरनाक और विस्फोटक अवतार में दिखे वरुण धवन



**मुंबई।** इन दिनों बड़े पर्दे पर एक्शन फिल्मों का बोलबाला है। जवान डायरेक्टर एटली के साथ मिलकर बनी वरुण धवन की धमाकेदार एक्शन फिल्म बेबी जॉन का फर्स्ट लुक वीडियो आउट हो गया है। वीडियो में वरुण धवन का अवतार और अंदाज देखकर आप बॉलीवुड एक्टर से अच्छी परफॉर्मेंस की उम्मीद कर सकते हैं। इस फिल्म में वरुण के साथ कीर्ति सुरेश व वामिका गब्बी भी नजर आने वाली हैं। बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के इस कॉम्बिनेशन को देखकर लगता है कि फिल्म में दर्शकों के लिए बहुत कुछ है। बेबी जॉन में लंबे समय बाद वरुण धवन दमदार एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं। फर्स्ट लुक वीडियो में उनका अंदाज खतरनाक और खूंखार है। पहले इस फिल्म का टाइटल कन्फर्म नहीं था और इसे वीडी18 के नाम से प्रमोट किया जा रहा था। हाल ही में शूटिंग के दौरान वरुण के पैरों में चोट भी लग गई। फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए शेयर किए गए वीडियो में वरुण धवन दमदार बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ हाई-ऑक्टेन एक्शन करते नजर आ रहे हैं।

### लव जिहाद: अमन बनकर नावेद ने किया रेप, फिर धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी से लव जिहाद का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पहले हिंदू लड़की से रेप किया गया फिर उस पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाला गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कई धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी नावेद मलिक ने अमन बनकर लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी नावेद मलिक पहले से ही शादीशुदा है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने अमन बनकर पहले उसने अपने प्रेम जाल में फंसाया। घर बुलाकर दूध में नशीली दवा पिलाई फिर रेप किया अब उस पर जबरन धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर कर रहा है।

### म्यांमार के तीन नागरिकों के खिलाफ एनआईए की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भारत-बांग्लादेश सीमा के जरिए से भारत में विदेशी नागरिकों की अवैध घुसपैठ और तस्करी से जुड़े एक केस में म्यांमार के तीन नागरिकों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। मुख्य आरोपी रोहिंग्या मूल के हैं। एनआईए के मुताबिक, तीनों आरोपियों की पहचान रबी इस्लाम उर्फ रबीउल इस्लाम, शफी आलम उर्फ सोफी अलोम उर्फ सैयदुल इस्लाम और मोहम्मद उस्मान के तौर पर हुई है। ये सभी आरोपी म्यांमार के माउंगडॉ जिले के स्थायी निवासी हैं। आरोपियों ने वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना तस्करों और दलालों की मिलीभगत से भारत में अवैध रूप से प्रवेश किया। ये तीनों आरोपी अनधिकृत और अवैध सीमा मार्गों से कई अन्य विदेशी नागरिकों की घुसपैठ को सुविधाजनक बनाने में भी शामिल थे।

Entertainment News



# अनोखी है अभिषेक बच्चन-ऐश्वर्या राय की लव स्टोरी

बॉलीवुड के 'गुरू' अभिषेक बच्चन ने बीते सालों में कई ऐसे किरदार निभाए हैं, उन्होंने थिएटर से लेकर ओटीटी तक हर जगह खुद को प्रूव किया है। वे अपना 48वां जन्मदिन मना रहे हैं। अभिषेक ने मेगास्टार के बेटे होने के बाद भी अपने करियर में खूब स्ट्रगल किया। एक समय था जब अभिषेक ने लगातार 15 फ्लॉप फिल्मों वाला दौर देखा था। लेकिन समय बदला और उन्हें 'गुरू' जैसे दमदार फिल्म मिली और सबने उनके हुनर का लोहा माना। इसके बाद उनकी किस्मत में वह अप्सरा आई जिसके सपने पूरी दुनिया देखती थी। जी हां! उन्हें प्यार हुआ मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय से, जो उस समय अपनी झील आंखों से सबको दीवाना बना रही थीं। आइए अभिषेक के जन्मदिन के मौके पर जानते हैं ये प्यारी सी लव स्टोरीज़

**इस फिल्म के सेट पर हुई दोस्ती**

ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की लव स्टोरी की शुरूआत साल 2000 में हुई थी। दोनों की मुलाकात और दोस्ती की शुरूआत फिल्म 'ढाई अक्षर प्रेम से' ही हो गई थी।

**बालकनी में किया था प्रपोज**

अभिषेक को जब ऐश्वर्या राय का हाथ मांगना था तो उन्होंने कुछ अलग तरह से प्रपोज करने का फैसला किया। अभिषेक ने ओपरा विन्फ्रे के शो में इस यादगार किस्से का खुलासा किया था। उन्होंने बताया था कि न्यूयॉर्क में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान वे अपने होटल के कमरे की बालकनी पर खड़े होकर ये सोचते थे कि कितना अच्छा होगा अगर वे ऐश्वर्या से शादी कर लें। बस फिर क्या था, अभिषेक ऐश्वर्या को उसी बालकनी में ले गए और उन्हें शादी के लिए प्रपोज कर डाला।

# सेल्फी में एआर रहमान ने जाकिर हुसैन और शंकर महादेवन के साथ पोज दिया



भारत के पास इस वर्ष जश्न मनाने का एक कारण है क्योंकि शंकर महादेवन और जाकिर हुसैन ने इस वर्ष 66वें ग्रैमी में पुरस्कार जीतकर देश को गौरवान्वित किया। उनसे पहले कई अन्य भारतीय गायकों ने भारत को वैश्विक मंच पर चमकाया है। आइए भारत के उन कलाकारों की सूची पर एक नजर डालें जिन्होंने पिछले वर्षों में पुरस्कार जीते हैं। संगीतकार एआर रहमान ने 2024 ग्रैमी पुरस्कार विजेताओं - तबला वादक जाकिर हुसैन, गायक शंकर महादेवन और वी सेल्वगनेश के साथ खुशी से पोज देते हुए एक सेल्फी साझा की। रहमान ने इंस्टाग्राम पर इवेंट में क्लिक की गई तस्वीर पोस्ट की।

**एआर रहमान ने शेयर की सेल्फी, पेन नोट**– कैमरे की ओर देखते ही वे सभी मुस्कुरा दिए। इस कार्यक्रम के लिए एआर रहमान ने काले और हरे रंग की पोशाक पहनी हुई थी। जहां शंकर हरे रंग की पोशाक में नजर आए, वहीं जाकिर हुसैन ने पारंपरिक नीले रंग की पोशाक पहनी थी। एआर रहमान ने पोस्ट को कैप्शन दिया, "भारत में ग्रैमी की बारिश हो रही है... ग्रैमी विजेताओं को बधाई #उस्तादजाकिरहुसैन शंकर. महादेवन (पहला ग्रैमी) सेल्वागनेश (पहला ग्रैमी) (राष्ट्रीय ध्वज और अग्नि इमोजी)।" जाकिर हुसैन और शंकर महादेवन के फ्यूजन म्यूजिक ग्रुप शक्ति ने दिस मोमेंट के लिए बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम का ग्रैमी पुरस्कार जीता। इसमें शक्ति के संस्थापक सदस्य, गिटारवादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ जाकिर, शंकर वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वगनेश विनायकराम शामिल हैं। शक्ति का दिस मोमेंट, 45 से अधिक वर्षों में समूह का पहला स्टूडियो एल्बम, जून 2023 में आलोचकों की प्रशंसा के लिए जारी किया गया था।

**ग्रैमीज में शंकर का भाषण**– गणेश और सेल्वगणेश के साथ मंच पर आए शंकर ने जॉन और जाकिर को जोरदार आवाज दी। जबकि जॉन समारोह में शामिल नहीं हुए, जाकिर मंच के पीछे थे क्योंकि उन्होंने एक और ग्रैमी जीता था। "हम आपको याद करते हैं, जॉन जी। जाकिर हुसैन, उन्हें आज एक और ग्रैमी मिली। धन्यवाद लड़कों, भगवान, परिवार, दोस्तों और भारत। हमें आप पर गर्व है, भारत," शंकर ने भाषण में अपनी जीत को समर्पित करते हुए कहा।

# खतरनाक, खूंखार और विस्फोटक अवतार में दिखे वरुण धवन

इन दिनों बड़े पर्दे पर एक्शन फिल्मों का बोलबाला है। जवान डायरेक्टर एटली के साथ मिलकर बनी वरुण धवन की धमाकेदार एक्शन फिल्म बेबी जॉन का फर्स्ट लुक वीडियो आउट हो गया है। इस वीडियो में वरुण धवन का अवतार और अंदाज देखकर आप बॉलीवुड एक्टर से अच्छी परफॉर्मेंस की उम्मीद कर सकते हैं। इस फिल्म में वरुण के साथ कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी भी नजर आने वाली हैं. बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के इस कॉम्बिनेशन को देखकर लगता है कि फिल्म में दर्शकों के लिए बहुत कुछ है। बेबी जॉन में लंबे समय बाद वरुण धवन दमदार एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं. फर्स्ट लुक वीडियो में उनका अंदाज खतरनाक और खूंखार है। पहले इस फिल्म का टाइटल कन्फर्म नहीं था और इसे VD18 के नाम से प्रमोट किया जा रहा था। हाल ही में शूटिंग के दौरान वरुण के पैरों में चोट भी लग गई।

Bollywood Update



अनन्या पांडे ग्लैमर की दुनिया से जुड़ी हैं और इसलिए उनकी प्रेजेंस सोशल मीडिया पर होनी बेहद जरूरी है। लेकिन वास्तव में वह खुद सोशल मीडिया से दूरी बनाना चाहती हैं। हालांकि, वह ऐसा नहीं कर सकती हैं। उनकी इच्छा है कि वह अपने सोशल से सभी सोशल मीडिया ऐप्स को डिलीट कर दें।

# सोशल मीडिया से दूरी बनाना चाहती हैं अनन्या पांडे

मशहूर अभिनेता चंकी पांडे की लाडली बेटी अनन्या पांडे ने बेहद ही कम समय में बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अनन्या ने साल 2019 में आई फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद, उन्होंने कई फिल्मों में काम किया। उनकी लास्ट फिल्म खो गए हम कहां जब ओटीटी पर रिलीज हुई तो दर्शकों ने इसे भरपूर प्यार दिया।

अनन्या पांडे ग्लैमर की दुनिया से जुड़ी हैं और इसलिए उनकी प्रेजेंस सोशल मीडिया पर होनी बेहद जरूरी है। लेकिन वास्तव में वह खुद सोशल मीडिया से दूरी बनाना चाहती हैं। हालांकि, वह ऐसा नहीं कर सकती हैं। उनकी इच्छा है कि वह अपने सोशल से सभी सोशल मीडिया ऐप्स को डिलीट कर दें। इसके पीछे उनकी एक खास वजह भी है। तो चलिए आज इस लेख में हम जानेंगे कि आखिरकार अनन्या पांडे क्यों अपने फोन से सभी सोशल मीडिया ऐप्स को हटाना चाहती हैं–

**फोन को नहीं करती ऑफ**

अनन्या पांडे सोशल मीडिया से होने वाले नेगेटिव इंपैक्ट के बारे में अच्छी तरह समझती हैं। लेकिन वह चाहकर भी अपने फोन को महज पांच मिनट के लिए भी बंद नहीं कर सकतीं। ऐसे में सोशल मीडिया पर होने वाली नेगेटिव ट्रोलिंग कहीं ना कहीं उन्हें भी इफेक्ट करती है। भले ही अनन्या पांडे से अपने फोन से सोशल मीडिया ऐप्स को हटाया नहीं है, लेकिन अब वह सोशल मीडिया पर उतनी एक्टिव नहीं हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने इंस्टाग्राम पर कई पेजों को म्यूट करना, रिस्ट्रिक्ट करना और ब्लॉक करना शुरू कर दिया है, जो उन्हें किसी भी तरह से दुख पहुंचाते हैं या फिर बुरा फील करवाते हैं। अनन्या पांडे के लिए सोशल मीडिया बहुत ही टॉक्सिक और घुटन भरा हो गया था, इसलिए अब उन्होंने अपने सोशल मीडिया को अलग तरह से हैंडल करना शुरू कर दिया है।

**अकेले समय बिताना करती हैं पसंद**

अनन्या पांडे को सोशल मीडिया और अपने आसपास के लोगों से दूर कुछ वक्त के लिए अकेले समय बिताना काफी अच्छा लगता है। दरअसल, वह लगातार लोगों, उनकी सलाह और विचारों से घिरी रहती है। ऐसे में उनके आसपास बहुत शोर होता है, इसलिए अकेले समय बिताना और अपनी आवाज सुनना ही उन्हें काफी शांत महसूस करवाता है।



# शाहरुख की इस फिल्म के लिए सोनम ने दिया था ऑडिशन

शाहरुख खान ने परदे पर कई हीरोइन्स के साथ काम किया है। काजोल, माधुरी दीक्षित, अनुष्का शर्मा, ऐश्वर्या राय, दीपिका पादुकोण और अनुष्का शर्मा समेत कई ऐसी हीरोइन्स हैं, जिनकी परदे पर किंग खान के साथ एक से ज्यादा बार जोड़ी बनी है। लेकिन अभी भी कई एक्ट्रेस ऐसी हैं, जो बिग स्क्रीन पर शाहरुख के साथ अभी तक नजर नहीं आई हैं। इन्हीं में से एक एक्ट्रेस हैं सोनम कपूर। किंग खान के साथ सोनम अभी तक किसी फिल्म में नजर नहीं आई हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं सोनम ने अपने करियर की शुरुआत में ही शाहरुख की एक फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था। यह फिल्म तो सुपरहिट रही थी लेकिन इसमें सोनम की जगह किसी और एक्ट्रेस को शाहरुख के अपोजिट साइन किया गया था। आइये जानते हैं इस दिलचस्प किस्सा के बारे में–

**फिल्म रब ने बना दी जोड़ी के लिए सोनम कपूर ने दिया था ऑडिशन**

अनुष्का शर्मा ने शाहरुख खान के साथ फिल्म रब ने बना दी जोड़ी से बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म के लिए सोनम कपूर ने भी ऑडिशन दिया था। सोनम ने 2007 में संजय लीला भंसाली की फिल्म सांवरिया से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उसके एक साल बाद फिल्म रब ने बना दी जोड़ी रिलीज हुई थी। आदित्य चोपड़ा, एक नए चेहरे की तलाश कर रहे थे। सोनम की सांवरिया रिलीज होने के बाद भी उन्होंने इस फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था।



# करीना के बेटों को संभालने वाली नैनी अब रामचरण और उपासना की बेटी को संभालेंगी

करीना कपूर के लाडले बेटों के साथ अक्सर नैनी को देखा जाता है। एक समय पर तैमूर की नैनी की सैलरी को लेकर भी जानकारी सामने आई थी, जिसे सुन हर कोई हैरान रह गया था। बता दें कि वही नैनी अब साउथ सुपरस्टार राम चरण की बेटी की देखभाल करेगी। वो पहले शाहिद कपूर और मीरा राजपूत के बच्चों की भी देखभाल कर चुकी हैं। हाल ही में राम चरण को वाइफ उपासना और बेटी के साथ स्पॉट किया गया था। इस दौरान उनके साथ नैनी भी नजर आई, जो तैमूर के साथ दिखती थीं। ऐसे में मिनटों में फैंस ने नैनी को नोट कर लिया और सोशल मीडिया पर इससे जुड़ी चर्चा होने लगी। बता दें कि नैनी का नाम सावित्री है।


**करीना कपूर देती थीं भारी फीस**

मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो करीना आपनी नैनी को हर महीने 1.5 लाख रुपये की सैलरी देती थीं। साथ ही ऐसा भी कहा गया था कि ओवरटाइम करने पर नैनी को और ज्यादा सैलरी मिलती है।


**सेलेब्स के बच्चे जीते हैं लग्जरी लाइफ**

कहा जाता है कि सितारे नैनी को हायर करते वक्त बहुत सी बातों का ध्यान रखते हैं। बदले में नैनी को मोटी रकम भी दी जाती है। स्टार किड्स भी अपने पेरेंट्स की तरह हमेशा लाइमलाइट में रहते हैं और लग्जरी लाइफ जीते हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024 में टेलर स्विफ्ट ने रचा इतिहास



इंटरनेशनल सिंगर टेलर स्विफ्ट ने 66वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में इतिहास रच दिया है। टेलर अकेली ऐसी सिंगर हैं, जिन्होंने एल्बम ऑफ द ईयर कैटेगरी में चार ग्रैमी अवॉर्ड्स जीते हैं। उन्हें ये अवॉर्ड मिडनाइट्स के लिए मिला है। इससे पहले फियरलेस, 1989 और फोकलोर एल्बम के लिए टेलर ये अवॉर्ड जीत चुकी हैं। टेलर को सिलीन डियोन ने अवॉर्ड प्रदान किया। टेलर ने अपनी एक्सेप्टेंस स्पीच में इस लम्हे को अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ पल बताया। सिंगर ने कहा कि इतनी ही खुशी तब मिलती है, जब अपना कोई गाना पूरा कर लेती हूं या जब मैं अपने डांसर्स के साथ रिहर्सल कर रही होती हूं या अपने शो के लिए टोक्यो जाने की तैयारी कर रही होती हूं। टेलर ने आगे कहा कि मेरे लिए अवॉर्ड काम की तरह है। मैं यह करते रहना चाहती हूं। इससे मुझे खुशी मिलती है। मुझे यह सोचकर बेहद खुशी मिलती है कि जिन लोगों ने इसे वोट किया, वो कितने खुश होंगे। मीडिया जानकारी के अनुसार टेलर का ये 13वां ग्रैमी अवॉर्ड्स है। 13 टेलर का लकी नम्बर भी बताया जाता है। इस मौके पर सिंगर ने अपनी नई एल्बम द टॉर्चर्ड पोइट डिपार्टमेंट की घोषणा भी की, जो 19 अप्रैल को रिलीज होगी।



# हनीमून पर आयरा खान पति नुपुर शिखरे संग खूब कर रहीं मस्ती

पिछले महनी जनवरी में शादी के बाद आयरा खान और नुपुर शिखरे इन दिनों अपना हनीमून एंजॉय कर रहे हैं। आयरा भी पति संग मस्ती के साथ-साथ



सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव हैं और लगातार शादी से लेकर हनीमून की कई तस्वीरें शेयर कर रही हैं। इसी बीच उन्होंने बाली से कुछ और तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वो अपने पति नुपुर संग खूब मस्ती करती नजर आ रही हैं। आपको बता दें कि आयरा खान और नुपुर शिखरे ने पहले 3 जनवरी को रजिस्टर्ड मैरिज की थी, जिसके बाद दोनों ने 10 जनवरी को राजस्थान के उदयपुर में ग्रैंड वेडिंग की, जिसके बाद दोनों इन दिनों फिलहाल इंडोनेशिया के बाली में अपने हनीमून को एंजॉय कर रहे हैं। इसी बीच आयरा ने अपने हनीमून से कुछ और तस्वीरें शेयर की हैं।

**फिटनेस का भी ध्यान रख रहे नुपुर**

इसके अलावा आयरा खाना द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में उनके पति नुपुर शिखरे बीच समंदर के बीच पर योगा भी करते नजर आ रहा है। इस समय नुपुर को अपना हनीमून एंजॉय करना चाहिए. वहीं, बाकी तस्वीरों में दोनों साथ में मस्ती करते भी नजर आ रहे हैं। आयरा ने अपने पति नुपुर के साथ कुछ सेल्फी भी शेयर की हैं और दोनों तस्वीरों में काफी खुश नजर आ रहे हैं।

टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 106 रनों से हराया, पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी

# साढ़े तीन दिन में इंग्लैंड का काम तमाम

**विशाखापट्टनम।** भारत ने सोमवार को गेंदबाजों के टीम प्रयास से दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड को 106 रनों से हराकर पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है। जसप्रीत बुमराह और आर अश्विन के तीन-तीन विकेट के अलावा मुकेश कुमार, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल एक-एक विकेट की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को चौथी पारी में 69.2 ओवर में 292 रनों पर समेटकर चायकाल से पहले मुकाबला 106 रनों से जीत लिया।

पहले सत्र में इंग्लैंड के बल्लेबाज करीब पांच रन प्रति ओवर की औसत से रन बना रहे थे। इस सत्र में इंग्लैंड ने जहां 127 रन तो बनाये वहीं भारत ने उसके पांच अहम बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉली ने सर्वाधिक 76 रन बनाए। इसके अलावा अन्य कोई भी बल्लेबाज 40 का आंकड़ा भी नहीं छू सका। बता दें कि भारतीय टीम ने पहली पारी में 396 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 253 रनों पर ही सिमट गई। भारत को पहली पारी के आधार पर 143 रनों की बढ़त मिली थी। इसके बाद भारतीय टीम की दूसरी पारी 255 रनों पर सिमट गई थी।





### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी:** 396/10, **दूसरी पारी:** 255/10
**इंग्लैंड पहली पारी:** 253/10

| इंग्लैंड दूसरी पारी (लक्ष्य: 399 रन) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्रॉली पगबाधा कुलदीप | 73 | 132 | 8/1 |
| बेन डकेट कै. भरत बो. अश्विन | 28 | 27 | 6/0 |
| रेहान अहमद पगबाधा अक्षर | 23 | 31 | 5/0 |
| ऑली पोप कै. रोहित बो. अश्विन | 23 | 21 | 5/0 |
| जो रूट कै. अक्षर बो. अश्विन | 16 | 10 | 2/1 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बुमराह | 26 | 36 | 5/0 |
| बेन स्टोक्स रन आउट | 11 | 29 | 1/0 |
| बेन फोक्स कै. एवं बो. बुमराह | 36 | 69 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बो. बुमराह | 36 | 47 | 5/1 |
| शोएब बशीर कै. भरत बो. मुकेश | 00 | 08 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 05 | 08 | 1/0 |

**अतिरिक्त:**15, **कुल:** 69.2 ओवर 292 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन:** 1-50, 2-95, 3-132, 4-154, 5-194, 6-194, 7-220, 8-275, 9-281, 10-292, **गेंदबाजी:** जसप्रीत बुमराह 17.2-4-46-3, मुकेश कुमार 5-1-26-1, कुलदीप यादव 15-0-60-1, रवि अश्विन 18-2-72-3, अक्षर पटेल 14-1-75-1.

**मैन ऑफ द मैच: जसप्रीत बुमराह**
- पहली पारी- 45 रन देकर 6 विकेट
- दूसरी पारी- 46 रन देकर 3 विकेट

### अश्विन ने तोड़ा चंद्रशेखर का 45 साल पुराना रिकॉर्ड

आर अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व स्पिनर भागवत चंद्रशेखर को पीछे छोड़ दिया। अश्विन के इंग्लैंड के खिलाफ 21 टेस्ट में 97 विकेट हो गए हैं। चंद्रशेखर ने 1964 से 1979 के बीच 23 टेस्ट में 95 विकेट झटके थे। इंग्लैंड के बेन डकेट को आउट कर उन्होंने चंद्रशेखर के 45 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अब वह इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट पूरे करने से सिर्फ तीन कदम दूर हैं।

**अश्विन टेस्ट में 500 विकेट पूरे करने से एक कदम दूर:** अश्विन के पास टेस्ट प्रारूप में 500 विकेट हासिल करने का मौका था। वह 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उनके नाम अब 97 टेस्ट में 499 विकेट हैं। अश्विन को अब 500 विकेट पूरे करने के लिए कम से कम 10 दिन का इंतजार करना होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा।

**टेस्ट इतिहास में दूसरी बार हुआ ऐसा:** टेस्ट इतिहास में ऐसा दूसरी बार हुआ है जब कोई गेंदबाज मैच समाप्त होने के बाद 499 विकेट के आंकड़े पर खड़ा हो। इससे पहले ग्लेन मैक्ग्रा के साथ ऐसा हुआ था। वह 2005 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट समाप्त होने के बाद उनके 499 विकेट थे। बाद में उन्होंने 563 विकेट के साथ अपने करियर का समापन किया।

**इंग्लैंड के खिलाफ सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय**

| | |
|---|---|
| 96 | आर अश्विन* |
| 95 | बीएस चन्द्रशेखर |
| 92 | अनिल कुंबले |
| 85 | बिशन बेदी |
| 85 | कपिल देव |
| 67 | इशांत शर्मा |

### इंग्लैंड की टीम अबुधाबी वापस जाएगी, राजकोट टेस्ट से पहले भारत लौटेगी

भारत के दौरे पर आई इंग्लैंड की टीम श्रृंखला से पहले के अपने ट्रेनिंग स्थल अबुधाबी वापस जाएगी और राजकोट में 15 फरवरी से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट से पूर्व भारत लौटेगी। इस जरूरी ब्रेक के दौरान इंग्लैंड की टीम गोल्फ भी खेलेगी।

### डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में भारत को 3 पायदान का फायदा

टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंकतालिका में 3 पायदान की छलांग लगाई। पहले मैच में हार से इंडिया के नाम पहले 43.33 प्रतिशत अंक ही रह गए थे, मगर दूसरा टेस्ट जीतने के बाद भारत ने तीन पायदान की छलांग लगाई है और अब टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

### गिल ने कहा, जल्दी ठीक हो जाऊंगा...

भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ यहां दूसरे टेस्ट में दाहिनी तर्जनी उंगली में चोट लगने के कारण सोमवार को क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर नहीं उतरे। उन्होंने मैच के आधिकारिक प्रसारक से कहा, चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए मुझे कल स्कैन के लिए जाना पड़ा। वे जानना चाहते थे कि मेरी उंगली में कितना दर्द है।

### भारतीय टीम की जीत की 5 वजह


- सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी में 209 रन बनाए। उन्होंने दूसरे छोर से नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद बखूबी मोर्चा संभाला।
- तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने स्पिनर्स के लिए मददगार पिच पर पहली पारी में 6 और दूसरी पारी में 3 विकेट चटकाए। कप्तान रोहित की उम्मीदों पर बुमराह खरे उतरे।
- स्टार बैटर शुभमन गिल ने दूसरी पारी में 104 रन की शतकीय पारी खेलकर इंग्लैंड के सामने मुश्किल लक्ष्य रखने में अहम रोल अदा किया।
- आर अश्विन दिग्गज ने ने दूसरी पारी में तीन विकेट लेकर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेला।
- स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए 27 और 45 रन की पारी खेलने के अलावा 2 विकेट भी झटके। उन्होंने दो अहम साझेदारियां भी कीं।

### द्रविड़ ने बताया कब वापसी करेंगे ईशान?

द्रविड़ ने कहा कि ईशान किशन को यह तय करने की जरूरत है कि वह कब किसी प्रकार की क्रिकेट खेलना शुरू करेंगे। उसके बाद ही उन्हें राष्ट्रीय टीम में चुनने पर विचार किया जा सकता है। कुछ ही समय पहले सभी प्रारूपों में भारतीय टीम के नियमित सदस्य किशन व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए ब्रेक मांगने के बाद से एक्शन से गायब हैं। वह रणजी ट्रॉफी में झारखंड के लिए नहीं खेले हैं।

# फीफा वर्ल्डकप 2026: फाइनल की मेजबानी करेगा न्यूजर्सी

## मैक्सिको से शुरू होगा टूर्नामेंट का रोमांच



**न्यूयॉर्क,(एजेंसी)।** फीफा ने रविवार को घोषणा कर बताया कि 2026 फुटबॉल विश्व कप का फाइनल न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 11 जून को मैक्सिको सिटी के प्रतिष्ठित एज्टेका स्टेडियम में मैच के साथ शुरू होगी और खिताबी मुकाबला 19 जुलाई को खेला जाएगा।

न्यूयॉर्क को फाइनल मुकाबले की मेजबानी के लिए डलास से मजबूत चुनौती मिली। 2026 फीफा विश्वकप 48 टीमों के बीच खेला जाएगा। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको इस टूर्नामेंट के सह मेजबान हैं। फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो ने कहा, अब तक का सबसे समावेशी और प्रभावशाली फीफा विश्व कप अब सपना नहीं बल्कि वास्तविकता बन गया है जो कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका के 16 अत्याधुनिक स्टेडियमों में 104 मैचों के रूप में आकार लेगा। प्रतिष्ठित एस्टाडियो एज्टेका में उद्घाटन मैच से लेकर न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी में शानदार फाइनल तक, खिलाड़ी और फैंस इस गेम-चेंजिंग टूर्नामेंट के लिए हमारी योजना के केंद्र रहे हैं। यह टूर्नामेंट न केवल नए कीर्तिमान स्थापित करेगा बल्कि लोगों के मन में एक अमिट छाप भी छोड़ेगा। सेमीफाइनल और क्वार्टर फाइनल मैच अटलांटा और डलास सेमीफाइनल की मेजबानी करेंगे, जबकि तीसरे स्थान के लिए होने वाला मैच मियामी में खेला जाएगा। क्वार्टर फाइनल मैच लॉस एंजिल्स, कैनसस सिटी, मियामी और बोस्टन में होंगे। तीनों देशों के कुल 16 शहर खेलों की मेजबानी करेंगे, जिनमें से अधिकांश मैच यूएसए में आयोजित किए जाएंगे।

### 2010 में हुआ था मेटलाइफ स्टेडियम का उद्घाटन

न्यूयॉर्क ने पुराने जायंट्स स्टेडियम में उस टूर्नामेंट में खेलों की मेजबानी की थी, जिसे बाद में मेटलाइफ स्टेडियम के लिए रास्ता बनाने के लिए ध्वस्त कर दिया गया था। मेटलाइफ स्टेडियम का उद्घाटन 2010 में हुआ था। उत्तरी अमेरिका में एक लाइव टीवी शो पर फैसलों की घोषणा की गई जिसमें इन्फेंटिनो के साथ कॉमेडियन और अभिनेता केविन हार्ट, रैपर ड्रेक और सेलिब्रिटी किम करदाशियां शामिल थे।

### स्टेडियम में बैठ सकते हैं 82,500 दर्शक

न्यूजर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में न्यूयॉर्क से हडसन नदी के पार 82,500 सीटों वाला मेटलाइफ स्टेडियम, एनएफएल के न्यूयॉर्क जायंट्सए न्यूयॉर्क जेट्स का होम ग्राउंड है, यहां 2016 कोपा अमेरिका टूर्नामेंट के फाइनल सहित कई अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खेल आयोजित किए जा चुके हैं। 16 स्थानों पर कुल 104 मैच आयोजित होंगे।

### टूर्नामेंट के 16 मेजबान शहर

अटलांटा, बोस्टन, डलास, ग्वाडलाजारा, ह्यूस्टन, कैनसस सिटी, लॉस एंजिल्स, मैक्सिको सिटी, मियामी, मॉन्टेरी, न्यूयॉर्क-न्यूजर्सी, फिलाडेल्फिया, सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र, सिएटल, टोरंटो और वैंकूवर।

### निकहत व साक्षी स्ट्रेंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में जीतीं

**सोफिया (एजेंसी)।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत की लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) सोमवार को यहां 75वें स्ट्रेंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट के पहले दौर में आयरलैंड की ओरोरके ओइफे के खिलाफ डिस्क्वालीफिकेशन से हार के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (50 किग्रा) और साक्षी चौधरी (57 किग्रा) ने अपने अभियान की शुरुआत विपरीत अंदाज में जीत के साथ की। निकहत ने मंगोलिया की ओयुंटसेटसेग येसुगेन पर 3-2 से करीबी जीत दर्ज की। दूसरी ओर साक्षी ने अल्जीरिया की सेलमौनी चाहिरा पर 5-0 की आसान जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### अंकिता-रुतुजा व वैष्णवी मुंबई ओपन से बाहर

**मुंबई,(एजेंसी)।** अंकिता रैना और रुतुजा भोंसले की महिला युगल जोड़ी को सोमवार को मुंबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि वैष्णवी अडकर भी महिला एकल के पहले दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। अंकिता और रुतुजा की जोड़ी को यहां क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में पहले दौर में हंगरी की फेनी स्टोलर और ग्रेट ब्रिटेन की नेकता बैन्स के खिलाफ 6-3, 2-6, 8-10 से शिकस्त झेलनी पड़ी। उन्नीस साल की वैष्णवी ने दक्षिण कोरिया की सोहयुन पार्क को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 841वें नंबर की वैष्णवी से सोहयुन की डब्ल्यूटीए रैंकिंग 500 से भी अधिक स्थान बेहतर है। सोहयुन ने वैष्णवी को 6-2, 2-6, 6-1 से हराया। रफेल नडाल अकादमी में ट्रेनिंग करने वाली 16 साल की एलिना कोर्नीवा ने फ्रांस की क्लो पेकेट को 6-1, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई।

# रचिन दोहरा शतक जड़ने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे युवा बल्लेबाज बने

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कीवी मजबूत स्थिति में



**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** रचिन रविंद्र की 240 रन की पारी से न्यूजीलैंड ने दो मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन सोमवार को अपनी पहली पारी में 511 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। दिन का खेल खत्म होने तक दक्षिण अफ्रीका ने 80 रन तक चार विकेट गंवा दिए जिससे उसकी मुश्किलें और बढ़ गयी। टीम पहली में अब भी 431 रन से पीछे है।

रचिन रविंद्र मैथ्यू सिंक्लेयर के बाद दोहरा शतक जड़ने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे सबसे युवा बल्लेबाज है। वह अपने पहले टेस्ट शतक को दोहरा शतक में बदलने वाले न्यूजीलैंड के तीसरे बल्लेबाज है। उनसे पहले सिंक्लेयर और मार्टिन डोनली ने यह कारनामा किया है। उन्होंने नौ घंटे और छह मिनट की पारी में धैर्य और समर्पण का शानदार मिश्रण दिखाया। काइल जैमीसन ने 10वें ओवर में तीन गेंद के अंदर दो विकेट लिए जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर तीन विकेट पर 30 रन हो गया। डेविड बेडिंघम और जुबेर हमजा ने चौथे विकेट के लिए 44 रन जोड़े लेकिन हमजा दिन का खेल खत्म होने से पहले मिशेल सैंटनर की गेंद पर बोल्ड हो गए। स्टंप्स के समय बेडिंघम 29 रन बनाकर नाबाद थे। मैच का दूसरा दिन रविंद्र के नाम रहा जिन्हें किशोरावस्था से ही न्यूजीलैंड क्रिकेट का अगला बड़ा खिलाड़ी माना जा रहा है। इस 24 साल के बल्लेबाज ने चौथे टेस्ट की सातवीं पारी में दोहरा शतक जड़कर इसे सही साबित किया। न्यूजीलैंड ने पहले दिन दो विकेट पर 258 रन बनाये थे जिसमें 219 रन केन विलियमसन और रविंद्र की दूसरे विकेट की अटूट साझेदारी में बनी थी। सोमवार को हालांकि यह साझेदारी ज्यादा आगे नहीं बढ़ी और विलियमसन 118 रन बनाकर आउट हुए।

# रिटायर्ड आईपीएस की सजा पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## हाईकोर्ट ने 15 दिन की सजा सुनाई थी, धोनी पर लगाया था मैच फिक्सिंग का आरोप

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी द्वारा दायर अदालत की अवमानना (कन्टेम्प्ट ऑफ कोर्ट) के मामले में रिटयर्ड आईपीएस अधिकारी संपत कुमार की सजा पर रोक लगा दी है। जस्टिन ए एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ कुमार की याचिका पर नोटिस जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 8 मार्च को तय की गई है। मद्रास हाईकोर्ट ने अफसर पर 15 दिन की जेल की



सजा सुनाई थी। 2013 में जी संपत कुमार तमिलनाडु पुलिस के सीआईडी के अफसर थे। उन्होंने 2013 आईपीएल सट्टेबाजी मामले की शुरुआती जांच की थी। उन पर सट्टेबाजों को छोड़ने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगा था। इसलिए उन्हें केस से हटा दिया गया था। संपत ने इस केस में धोनी का नाम भी शामिल किया था। इस पर धोनी ने जी संपत कुमार और एक टेलीविजन चैनल ग्रुप के खिलाफ 100 करोड़ रुपए का मानहानि का केस किया था। धोनी ने संपत के खिलाफ अवमानना याचिका भी दायर की थी। इस याचिका में संपत की ओर से सुप्रीम कोर्ट और मद्रास हाईकोर्ट के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों का हवाला दिया था।

### मप्र ने जीती सेंट्रल जोन इंटर स्टेट क्रिकेट चैंपियनशिप




**भोपाल,(खेसं)।** मध्य प्रदेश ने राजस्थान को 9 रन से हराकर जयपुर में आयोजित सेंट्रल जोन इंटर स्टेट क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब जीता। मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 170 रन बनाए। जबाव में राजस्थान 6 विकेट पर 161 रन ही बना सका। मध्य की ओर से अमित पाल ने 39 रन, योगेश पटेल 29 रन और परवेज ने 22 रन का योगदान दिया। राजस्थान की ओर से नरेंद्र मीना और अमित ने 2-2 विकेट लिए। राजस्थान की ओर से जॉनी ने सर्वाधिक 48 रन बनाए। मप्र की ओर से आशीष रमेश पाल ने 3 विकेट लिए।

### भोपाल के 6 खिलाड़ी करेंगे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व



**भोपाल,(खेसं)।** जिला हैंडबॉल संघ, भोपाल के 6 खिलाड़ी 38वीं सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश के दल में चयनित हुए। प्रतियोगिता 7 से 9 फरवरी को चित्तौड़गढ़, राजस्थान में होनी है। जिसमें भोपाल के बालक ध्रुव, उदय और आयुष और बालिका खुशी, सलोनी और नंदिनी मप्र की ओर से खेलेंगे। भोपाल जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष कृष्णा घाडगे जी, सचिव संदीप राव घाडगे जी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। सभी सीनियर खिलाडी एवम माननीय कोचेस ने बधाई देते हुए देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### स्वर्गीय हुकुम सिंह स्मृति क्रिकेट: पहले दिन एलबीएस 261 रन पर ऑलआउट





**भोपाल,(खेसं)।** भोपाल संभाग क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित स्वर्गीय हुकुम सिंह ठाकुर स्मृति दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता (90 ओवर्स) के पहले मैच में एलबीएस के खिलाफ अकीरा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। शुरुआती दिन पहले बल्लेबाजी करते हुए एलबीएस की पूरी टीम 65 ओवर मे 261 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। एलबीएस की तरफ से सार्थक जैन ने 86, शरद ने 44, आयुष शुक्ला ने 43 रन बनाए। अकीरा की तरफ से सर्वग्या पाठक ने 26 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में अकीरा ने दिन का खेल खत्म होने तक 15 ओवर मे 2 विकेट पर 26 रन बना लिए थे। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, चैयरमेन सैयद साजिद अली और वरिष्ठ पत्रकार मृगेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर शांति कुमार जैन, अमन सोलंकी, ब्रजेश तोमर ओमी, अविनाश पाठक ,मोहन चतुर्वेदी, दामोदर प्रसाद आर्य, प्रशांत सिंह सेंगर ,अरविंद वर्मा व श्री जसबीर सिंह उपस्थित थे। सभी ने स्वर्गीय सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# सर्विकल कैंसर
## शुरुआत में ही लक्षण पहचानें

कैंसर का एक गंभीर रूप सर्विकल कैंसर है -इस कैंसर को बच्चेदानी के मुंह का कैंसर भी कहा जाता है। यह गर्भाशय के सबसे नीचे के भाग का ख़तरनाक ट्यूमर होता है। यह गर्भाशय के निचले भाग से शुरू होता है और ऊपर योनि तक जुड़ता है जिसे गर्भाशय ग्रीवा कहते हैं। ज्यादातार कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण के कारण होता है। यह भारत में महिलाओ में होने वाला सबसे आम कैंसर है। कैंसर से इलाज़ या बचाव दोनों ही संभव है लेकिन महिलाओ में इनके प्रति जागरूकता कम होने के कारण सही समय पर सही इलाज़ नहीं हो पाता है।






डाक्टर शशांक चौधरी सहारा हास्पिटल के कैंसर रोग विशेषज्ञ


### सर्विकल कैंसर के कारण

- एच पी वी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस)
- असुरक्षित यौन सम्बन्ध
- यौन संचारित बीमारियां , धूम्रपान
- तनावग्रस्त जीवन शैली
- व्यक्तिगत स्वच्छता का अभाव
- अत्यधिक गर्भनिरोधक गोलियां खाना



### सर्विकल कैंसर के लक्षण

सहारा हास्पिटल के कैंसर रोग विशेषज्ञ डाक्टर शशांक चौधरी ने बताया कि शुरूआती दौर में सर्विकल कैंसर का कोई लक्षण दिखाई नहीं देता है लेकिन लंबे समय के साथ जैसे जैसे यह गंभीर होने लगता है इसके लक्षण दिखने लगते है। इनमें प्रमुख हैं



- संभोग के समय दर्द होना या रक्तस्राव होना
- अनियमित माहवारी
- ज्यादा रक्तस्राव
- भूख न लगना
- वजन कम होना
- बेवजह थकान लगना
- पेट या कमर दर्द जो पीरियड से सम्बंधित न हो
- पैरों में सूजन होना
- हड्डियों में दर्द होना

### सर्विकल कैंसर का इलाज़

इस कैंसर का उपचार संभव है यदि शुरुआती दौर में इसके लक्षणों को का पता चल जाता है तो इसका इलाज़ निम्न विधियों द्वारा किया जा सकता है

- सर्जरी द्वारा
- रेडिएशन थेरेपी
- कीमोथेरपी
- कीमो रेडिएशन

### सर्विकल कैंसर से बचाव

यदि महिलाएं सावधानियों के साथ निम्न उपाय करें तो सर्विकल कैंसर से बचाव संभव है-

- एच पी वी वेक्सिनेशन कराएं (एच पी वी वेक्सिनेशन- 9 से 26 साल की लड़कियों के लिए उपलबध है)
- आधुनिक स्क्रीनिंग कराएं
- पेप्स स्मीयर टेस्ट और एच पी वी स्क्रीनिंग कराएं
- सुरक्षित यौन सम्बन्ध का ध्यान रखें
- माहवारी के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखें

सहारा इंडिया परिवार के वरिष्ठ सलाहकार श्री अनिल विक्रम सिंह जी ने बताया कि हमारे अभिभावक माननीय सहाराश्री जी की प्रेरणा से सहारा हॉस्पिटल के विशेषज्ञ गंभीर से गंभीर रोगो का इलाज कर रहे हैं और समय समय पर जागरूकता प्रसारित करते रहते हैं। श्री सिंह ने कहा कि कैंसर जैसी असाध्य गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है यदि सही समय पर चिकित्सक की सलाह ली जाए।




## भोजपुरी फिल्म आसरा का लोकगीत ओढ़निया रिलीज

मुंबई (वार्ता)। रितेश पांडे और सपना चौहान की भोजपुरी फिल्म आसरा का लोकगीत ओढ़निया रिलीज हो गया है। ओढ़निया गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने रितेश पांडेय ने गाया है। वर्ल्डवाइड चैनल और जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत आसरा के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसकी सह निर्माता निवेदिता कुमार है। इसके निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। फिल्म के राइटर राकेश त्रिपाठी,म्यूजिक रजनीश मिश्रा, साजन मिश्रा एवं शुभम तिवारी, लिरिक्स रजनीश मिश्रा, आशुतोष तिवारी, शुभम सेंगेरावल और दुर्गेश, एडिटर कोमल वर्मा, कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी का है। फिल्म में मुख्य रूप से रितेश पांडेय, सपना चौहान, नेहा पाठक सहित कई कलाकार नजर आएंगे।



## वैज्ञानिकों ने हिंदू कुश हिमालय को 'विनाश के कगार' पर पहुंचा जैवमंडल घोषित किया

नई दिल्ली (भाषा)। वैज्ञानिकों ने वैश्विक जैव विविधता विशेषज्ञों की सोमवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में हिदू कुश हिमालय क्षेत्र को एक ऐसा जैवमंडल घोषित किया जो विनाश के कगार पर है। वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर सबसे अधिक जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से एक इस क्षेत्र में प्रकृति के नुकसान को रोकने के लिए कड़े कदम और तत्काल वित्तपोषण का आह्वान किया।

'इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट' (आईसीआईएमओडी) ने यह आह्वान काठमांडू, नेपाल में एक बैठक में किया। इस बैठक में 130 से अधिक वैश्विक विशेषज्ञ खाद्य और जल सुरक्षा, स्वास्थ्य, जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन के बीच संबंधों पर विचार करेंगे। यह बैठक सोमवार को शुरू हुई और नौ फरवरी तक चलेगी। जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं पर अंतर सरकारी विज्ञान-नीतिमंच (आईपीबीईएस) की मूल्यांकन बैठक पहली बार दक्षिण एशिया में आयोजित की जा रही है। वर्ष 2012 में 145 सदस्य देशों के साथ स्थापित, आईपीबीईएस जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल के समान कार्य करता है, जिसका उद्देश्य जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के लिए विज्ञान-नीति संबंधों को मजबूत करना है। बैठक की मेजबानी कर रहे आईसीआईएमओडी के शोधकर्ताओं ने हिदू कुश हिमालय क्षेत्र में प्रकृति और प्राकृतिक वास में क्षति की गति और पैमाने का वर्णन 'विनाशकारी' के रूप में किया, जो 3,500 किलोमीटर तक और आठ देशों - अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमार, नेपाल एवं पाकिस्तान तक फैला है। आईसीआईएमओडी की उप महानिदेशक इज़ाबेला कोज़ील ने बैठक में प्रतिनिधियों से कहा, 'बहुत देर हो चुकी है।'

उन्होंने कहा, 'दुनिया के 36 वैश्विक जैव विविधता केंद्रों में से चार इस क्षेत्र में है। वैश्विक 200 पारिस्थितिकी क्षेत्रों में से बारह, 575 संरक्षित क्षेत्र, 335 महत्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र है। फिर भी सभी प्रयासों के बावजूद, हम ऐसी स्थिति में है जिसमें संकट तेजी से बढ़ रहा है। पिछली शताब्दी में सत्तर प्रतिशत मूल जैव विविधता नष्ट हो गई।'



## बोर्ड सदस्यों को थी मस्क के नशीली दवाओं के उपयोग की जानकारी

सैन फ्रांसिस्को (आईएएनएस)। टेस्ला और स्पेसएक्स के कुछ बोर्ड सदस्य एलन मस्क द्वारा अवैध दवाओं के इस्तेमाल के बारे में जानते हैं और नियमित रूप से उनके साथ ड्रग्स लेते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे परहेज करने से अरबपति परेशान हो सकते हैं, जिनके जरिए उन्होंने बहुत सारा पैसा बनाया है। यह बात मीडिया में कही गई है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्लूएसजे) की रिपोर्ट के अनुसार, वे मस्क के करीब होने से मिलने वाली सामाजिक पूंजी को खोने का जोखिम नहीं उठाना चाहते, जो कुछ लोगों के लिए राजा के करीब होने जैसा लगता है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, बोर्ड के सदस्यों ने स्टॉक पुरस्कारों और अलग-अलग निवेशों से सैकड़ों करोड़ कमाए हैं। इनमें से कुछ ने मस्क के साथ ड्रग्स भी लिया है। डब्ल्यूएसजे के अनुसार, मस्क के मित्र और अन्य करीबी चिंतित हैं कि नशीली दवाओं के उपयोग से उनकी स्थिति खराब हो रही है, और कुछ ने उन्हें पुनर्वसन के लिए जाने के लिए कहा।



दोस्तों ने उन्हें पुनर्वास के लिए जाने को कहा

मस्क ने सोमवार को जवाब दिया कि किसी ने भी उनसे पुनर्वास का जिक्र नहीं किया है। अरबपति ने एक्स पर पोस्ट किया, सबसे पहले, किसी ने भी मुझसे कभी भी पुनर्वास का उल्लेख नहीं किया। उन्होंने लिखा,दूसरा, अगर वे कह रहे हैं कि मैं टेस्ला को अब तक की सबसे मूल्यवान कार निर्माता और स्पेसएक्स को अब तक की सबसे मूल्यवान अंतरिक्ष कंपनी बनाने में सक्षम था, तो यह मुझे अब तक मिली सबसे बड़ी प्रशंसा है। पिछले हफ्ते, अमेरिका में डेलावेयर के एक न्यायाधीश ने टेस्ला में मस्क के 56 बिलियन डॉलर के वेतन पैकेज को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि यह अनुचित है और बोर्ड के सदस्यों को एक नए वेतन प्रस्ताव के साथ आने के लिए कहा। नाराज मस्क ने बाद में घोषणा की कि टेस्ला अपने कानूनी घर को अमेरिकी राज्य डेलावेयर से टेक्सास में बदलने के लिए शेयरधारक वोट कराने के लिए तुरंत कदम उठाएगा। डब्लूएसजे की रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि मस्क की कंपनियों के कई अन्य निदेशकों के अरबपति-उद्यमी के साथ गहरे व्यक्तिगत और वित्तीय संबंध हैं, और उन्होंने इस रिश्ते से भारी लाभ कमाया है।

रिपोर्ट में आरोप लगाया गया, टेस्ला और स्पेसएक्स के कई वर्तमान या पूर्व निदेशक उनके साथ पार्टियों में शामिल होते हैं, विदेशी छुट्टियों पर जाते हैं और बर्निंग मैन, नेवादा कला व संगीत समारोह में घूमते हैं। मस्क ने अभी तक इन आरोपों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। सूत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है, कि मस्क और बोर्ड के सदस्यों द्वारा नशीली दवाओं के उपयोग की मात्रा चिंताजनक हो गई है। पहले रिपोर्ट सामने आई थीं कि मस्क ने कोकीन, एक्स्टसी, एलएसडी और मैजिक मशरूम सहित दवाओं का इस्तेमाल किया था।



## शहनाज गिल और कुशा ने बताया सिंगल लोगों का वेलेंटाइन वीक

मुंबई (आईएएनएस)। एक्ट्रेस शहनाज गिल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कुशा कपिला ने बताया है कि सिंगल लोगों के लिए वेलेंटाइन वीक कैसा होता है। दोनों ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की, जिसमें वे अपने वेलेंटाइन डे पार्टनर की तलाश करती नजर आ रही हैं। रील के आखिर में दोनों गुस्से में अपने बेड पर वापस चली जाती है, क्योंकि उन्हें काफी ढूंढने पर भी कोई नहीं मिलता। रील में शाहरुख खान और काजोल स्टारर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का गाना 'मेरे ख्वाबों में' प्ले हो रहा है। रील पर टाइटल था- सिंगल लोग वेलेंटाइन वीक के दौरान कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, सब ठीक हो जाएगा बहन। शहनाज और कुशा को हाल ही में फिल्म 'थैंक यू फॉर कमिंग' में स्क्रीन स्पेस शेयर करते हुए देखा गया था। इसमें भूमि पेडनेकर, डॉली सिंह और शिबानी बेदी भी हैं।




## तीन अवार्ड जीतने के बाद रैपर किलर माइक को ले गई पुलिस


लॉस एंजिल्स (आईएएनएस)। तीन ग्रैमी अवार्ड जीतने वाले रैपर किलर माइक को हथकड़ी लगाकर पुलिस समारोह से ले गई। माइक की गिरफ्तारी की खबर सबसे पहले द हॉलीवुड रिपोर्टर के क्रिस गार्डनर ने दी। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने एक्स, जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था, पर पुलिस अधिकारियों द्वारा रैपर को हथकड़ी लगाकर ले जाने के वीडियो शेयर किए। फोर्ब्स के अनुसार, गार्डनर ने पोस्ट किया कि उस समय, वह यह जानने में असमर्थ थे कि माइक पर क्या आरोप लगाया गया है, हालांकि उन्होंने बताया कि एक अधिकारी ने कहा कि यह एक दुष्कर्म का मामला है।



## लेदर जैकेट में बॉबी देओल ने शेयर की फोटोज

मुंबई (आईएएनएस)। एक्टर बॉबी देओल ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया। इस पोस्ट पर उनके भाई सनी देओल ने दिल खोलकर तारीफ की। इंस्टाग्राम पर 3.1 मिलियन फॉलोअर्स वाले बॉबी ने कई फोटोज शेयर की। फोटो में उन्हें ब्राउन लेदर जैकेट पहने देखा जा सकता है। पोस्ट को शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा, लास्ट ग्लांस एंड रेडी टू गो। इस पोस्ट पर उनके भाई सनी देओल ने कमेंट सेक्शन में कई रेड हार्ट वाले इमोजी शयर कर डाले। वहीं विक्रांत मैसी ने फायर इमोजी पोस्ट किया। वर्क फ्रंट पर, बॉबी को आखिरी बार संदीप रेड्डी द्वारा निर्देशित एक्शन ड्रामा 'एनिमल' में देखा गया था।





## अक्षय कुमार का गाना 'शंभू' रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार का नया गाना शंभू रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ,फिलहाल, फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आये हैं। अक्षय कुमार का नया गाना 'शंभू' रिलीज हो गया है।इस गाने में अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है।अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस है। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है।

## माइली साइरस ने 'फ्लावर्स' के लिए जीता रिकॉर्ड ऑफ द ईयर का अवार्ड

लॉस एंजिल्स (आईएएनएस)। सिंगर-सॉन्गराइटर माइली साइरस ने ग्रैमी अवार्ड्स के 66वें एडिशन में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। उन्होंने अपने सॉन्ग 'फ्लावर्स' के लिए रिकॉर्ड ऑफ द ईयर का सम्मान हासिल किया। इससे पहले उन्होंने इसी गाने के लिए बेस्ट पॉप सोलो परफॉर्मेंस कैटेगरी की ट्रॉफी जीती थी। सिंगर ने रिकॉर्ड ऑफ द ईयर कैटेगरी में नॉमिनेटेड ओलिविया रोड्रिगो, जॉन बैटिस्ट, टेलर स्विफ्ट, बॉयजेनियस, बिली इलिश, विक्टोरिया मोनेट और एसजेडए को हराया। रिकॉर्डिंग एकेडमी ने माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट एक्स पर अपने ऑफिशियल हैंडल से विनर को बधाई दी। उन्होंने लिखाः रिकॉर्ड ऑफ द ईयर विनर 'फ्लावर्स' माइली साइरस को ग्रैमीज जीतने पर बधाई।



## भोजपुरी फिल्म आंखें की शूटिंग पूरी

मुंबई (वार्ता)। प्रदीप पांडेय चिंटू, यामिनी सिंह और आस्था सिंह की भोजपुरी फिल्म आंखें की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म के निर्देशक सुजीत कुमार सिंह हैं। निर्माता प्रलाद दास गुप्ता और संजय गुप्ता हैं। फिल्म का प्री प्रोडक्शन मुंबई में होगा और फिल्म जल्द ही रिलीज होगी। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू, यामिनी सिंह और आस्था सिंह के साथ आशीष सिंह बंटी, रचना यादव, सुशील सिंह, संजय पांडे, श्रद्धा नवल, लोटा तिवारी, बबलू खान, नीलम पांडे, अंशु तिवारी, मिथिलेश, किशोर गुप्ता और अंकुश कहार भी नजर आएंगे।

# दुल्लहपुर में विधवा प्राइवेट शिक्षिका की चाकू गोदकर हत्या

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। थाना क्षेत्र के मलेठी गांव में सोमवार की रात घर से टहलने निकली विधवा प्राईवेट स्कूल की शिक्षिका श्वेता बारी (35) पत्नी स्व सुनील बारी की अज्ञात ने चाकू मारकर हत्या कर दी। शव घर से सौ मीटर की दूरी पर मिलने से पूरे गांव में कोहराम मच गया। रात में ही एसपी ओमवीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया तथा शीघ्र ही हत्या का पदार्फाश करने का एसओ अशोक कुमार मिश्रा को निर्देश दिया।



मालूम हो कि मलेठी गांव निवासी प्राइवेट शिक्षिका श्वेता बारी पत्नी स्वर्गीय सुनील बारी रोज की तरह सोमवार को रात आठ बजे घर से अकेले टहलने निकली थी। एक घंटे तक वापस नहीं लौटने पर सास को कुछ आशंका हुई तो वह अपने पोते यानी श्वेता के लड़के को लेकर बहू को खोजने निकली। घर से कुछ ही दूरी पर लगभग सौ मीटर की दूरी पर पहुंचने पर श्वेता खड़ंजे पर एक किनारे गिरी पड़ी थी। बहू का हालत देखकर रोते चिल्लाते हुए सास की आवाज सुनकर लोग मौके की तरफ दौड़ पड़े। पहले तो लोगों ने ठंढ से बेहोश समझकर हाथ पैर की मालिश करना शुरू किया। जब भीड़ ने देखा तो शरीर पर कहीं कहीं चाकू के हल्के निशान पेट व सीने के पास थे। घायल समझकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धनंजय प्रजापति, महेश बारी, सहित अन्य ग्रामीणों ने श्वेता को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मागतपुर पहुंचे लेकिन चिकित्सक के नहीं होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनो ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धनंजय प्रजापति ने रात में ही दस बजे एसओ अशोक कुमार मिश्रा को दिया। कुछ ही देर में मौके पर एसओ पहुंच कर जाच पड़ताल कर रहे थे। कुछ ही देर में एसपी ओमवीर सिंह एडिशनल एसपी ज्ञानेंद्र कुमार तथा सीओ भुड़कुड़ा बलिराम भी मौके पर पहुंचे। चुंकी घटना स्थल पर खून का निशान नहीं था रात में ही एसपी ओमवीर सिंह ने घटनास्थल खोजने का निर्देश दिया। लेकिन रात होने के चलते पुलिस अपने स्तर से जांच कर लौट गई। रात में ही शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। मृतका के दो पुत्र एक 12 साल तथा दूसरा 9 साल का है। मां की मौत पर दोनों बच्चों सहित सास, ससुर बिलख रहे थे।

मृतका का एक देवर पंकज परिवार सहित मलेठी चट्टी पर जबकि दूसरा भोनू बारी परिवार के साथ घर पर रहता है। एसओ ने बताया कि मृतका के स्वसुर लालजी बारी ने अज्ञात के खिलाफ घटना की दी तहरीर है। कई बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही घटना का पदार्फाश किया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या का खुलासा हो सकेगा।

**ग्रामीणों के जेहन में उठते कुछ अनसुलझे सवाल**– तीन दिन के भीतर ही थाना क्षेत्र में हुई दो हत्याएं ग्रामीणों के जेहन में कुछ अनसुलझे सवाल उठा रही थी और घटना का पदार्फाश कराने की कोशिश करा रही थी। यही कि घटना स्थल पर नहीं मिला था खून का निशान। बरसात में सड़क पर कीचड़ होने पर भी कपड़े पर नहीं लगी थी मिट्टी। मौके पर हमलावरों से जूझने का नहीं मिला सुबूत। क्या एक से अधिक रही होगी हमलावरों की संख्या। शव से कुछ ही दूरी पर मिला मोबाइल फोन व चप्पल। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है। ग्रामीणों की माने तो हत्या कहीं और कर शव को कहीं और रख दिया गया। मलेठी गांव में पहली बार हुई इस तरह के अपराध की घटना 15 वर्ष पूर्व हुई थी श्वेता बारी की शादी। बीमारी से हो गई थी पति की मौत। पिछले 6 माह से गांव के ही कृष्णा इंटर कालेज (प्राइवेट स्कूल) में पढ़ा रही थी मृतका।

## खंड शिक्षा अधिकारी से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लाक इकाई आराजी लाइंस



प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल ब्लॉक अध्यक्ष संजीव त्रिपाठी के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी आराजी लाइंस से मिला और उन्हें अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का कैलेंडर भी भेंट किया। प्रतिनिधि मंडल और खंड शिक्षा अधिकारी के बीच हुई वार्ता में ब्लॉक आराजी लाइंस को जो कि पहले से ही प्रथम स्थान पर है और अधिक बेहतर बनाने की बात हुई। शिक्षकों की समस्याओं के संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया आराजी लाइंस ब्लॉक में शिक्षकों की एक भी समस्याएं उनके स्तर से पेंडिंग नहीं रहेगी जिसके लिए प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें धन्यवाद दिया। इस दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पाल,जिला उपाध्यक्षा आशा पाठक, जिला मंत्री महिला विंग यशोदानंदा, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष अमिताभ राय, ब्लॉक महामंत्री प्रशांत मोहन गिरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष चंद्र प्रताप नारायण सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्षा रेखा सिंह एवं राकेश मिश्रा जी उपस्थित रहे।

## करखियाव एग्रो पार्क पूर्वांचल का सबसे स्मार्ट एग्रो पार्क बनेगा- पीजीएम

पिंडरा। यूपीसीडा के पीजीएम राजीव त्यागी ने कहाकि करखियाव एग्रो पार्क पूर्वांचल का सबसे स्मार्ट औद्योगिक पार्क होगा। लाखों रुपये की लागत से पार्क से लेकर सड़के तक स्मार्ट होगी। दोनों प्रवेश द्वार हरियाली युक्त होंगे। उक्त बातें सोमवार को करखियाव औद्योगिक पार्क के एक दिवसीय दौरे पर पहुचे उद्यमियों के बैठक बाद सायंकाल पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहाकि पूर्वांचल का यह सबसे सुंदर औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित होगा। सुंदर प्रवेश द्वार उसके समृद्धि के प्रतीक होंगे। सड़के, नालियों के साथ स्ट्रीट लाइटों का जीर्णोद्धार के साथ सुंदरीकरण किया जाएगा। अनाधिकृत रूप से स्थापित दुकानें व गोमटी में खुले दुकाने हटेगी। उन्हें अधिकृत रूप से स्थापित किया जाएगा। सुंदरीकरण के तहत औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित तीन पार्क को 15 लाख रुपए से खर्च किये जायेंगे।



एक प्रश्न के उत्तर में कहाकि वर्षो से बन्द पड़े फैक्ट्रियों के आवंटन निरस्त किया जाएगा। वही बैठक के दौरान उद्यमियों ने टूटी बाउंडरी वाल, क्षतिग्रस्त सड़को, कैंटीन व उद्योग भवन के साथ समस्याओं के निराकरण के लिए उचित प्लेटफॉर्म की मांग रखी। जिसपर पीजीएम ने उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। उद्यमियों की मांग पर सार्वजनिक शौचालय व उसके साथ विश्राम स्थल पर स्टील की कुर्सिया, पटरियों को सुंदरीकरण को तुरंत कराने पर सहमति दी। बैठक के दौरान यूपीसीडा के अधिशासी अभियंता आर के चौहान , करखियाव एग्रो पार्क इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मद्धेशिया, संरक्षक राजेश अग्रवाल व कमल अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, आनंद जायसवाल, शुभम अग्रवाल, रवि गुप्ता, बृजेश गुप्ता व भरत केजरीवाल समेत अनेक उद्यमी रहे।

## घातक है पॉलीथिन का उपयोग : मीरा अग्रहरी

### जेसीआई चेतना ने पॉलीथिन के उन्मूलन के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

प्रखर जौनपुर। नगर के एक होटल में जेसीआई जौनपुर चेतना ने बसंत पंचमी कार्यक्रम का आयोजन कर मां सरस्वती की अराधना करने के साथ ही पर्यावरण व जीव जन्तुओं के लिए खतरनाक साबित हो रही पॉलीथिन के उन्मूलन के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। संस्था की पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा एक दूसरे को बसंत पंचमी की बधाई देने के साथ ही प्लास्टिक की पन्नी का उपयोग रोकने एवं कपड़े व कागज के थैले के उपयोग पर जोर दिया गया साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया एवं पॉलीथिन के दुष्प्रभाव पर चर्चा के साथ ही इसके उन्मूलन के लिए संकल्प दिलाया गया। संस्था की अध्यक्ष मीरा अग्रहरी द्वारा उपस्थित लोगों को कपड़े का थैला वितरित कर पर्यावरण को बचाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सचिव वंशिका सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन ममता गुप्ता व संचिता बैंकर के द्वारा किया गया कार्यक्रम में फाउंडर अध्यक्ष मेघना रस्तोगी पूर्व अध्यक्ष नीतू गुप्ता,चारू शर्मा, अनाया अग्रहरी, रीता कश्यप आदि लोग उपस्थित रही।




## महापौर अशोक तिवारी ने विकास कार्यों का शिलान्यास



प्रखर रामनगर वाराणसी। महापौर अशोक तिवारी के द्वारा 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से रामनगर में विकास कार्यों में गति देने का कार्य किया गया।क्षेत्र के रामपुर और पुराना रामनगर वार्ड में महापौर अशोक तिवारी ने प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मेयर ने पुराना रामनगर वार्ड में 18 लाख 67 हजार की लागत से रोड की मरम्मत और निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं 25 लाख की लागत से निर्मित सड़क कार्य का लोकार्पण किया गया,सपा पार्षद राजकुमार यादव राजू ने इसके लिए भूमिपूजन किया। इसके अलावा रामपुर वार्ड में चार इंटरलाकिंग और सी सी रोड के प्रस्तावित निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया गया। इस दौरान मेयर अशोक तिवारी ने कहा कि नगर की जनता को सड़क, सीवर और पेयजल की बुनियादी सुविधाओं की बहाली उनकी प्राथमिकताओं में है। विकास कार्यो में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए उनके दरवाजे चौबीसों घण्टे खुले हैं, मेयर ने शास्त्री चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान पार्षद लल्लन सोनकर, संतोष द्विवेदी, अजय प्रताप सिंह, अशोक जायसवाल, नन्द लाल चौहान, रितेश राय, सुरेंद्र नाथ श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## नकली सोने की गिन्नी बेचकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गैंग पदार्फाश, 5 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर। थाना विन्ध्याचल पर दिनांकः 02.02.2024 को वादी चन्द्रशेखर सिंह पुत्र स्व0उदयनाथ सिंह निवासी कैलहट थाना चुनार तथा दिनांकः 03.02.2024 को वादी शमशेर बहादुर सिंह निवासी नियामतपुर खुर्द थाना चुनार द्वारा अज्ञात मोबाइल नम्बर प्रयोगकर्ता के विरूद्ध नींव की खुदाई से प्राप्त सोने की गिन्नी बताकर नकली सोने की गिन्नी बेचकर क्रमशः 3.10 लाख व 2.16 लाख की धोखाधड़ी करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर क्रमशः मु0अ0सं0-20/2024 व मु0अ0सं0-21/2024 समस्त अन्तर्गत धारा 420, 406 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा उक्त धोखाधड़ी की घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना प्रभारी विन्ध्याचल को उक्त फ्राड की घटना कारित करने वाले गैंग का पदार्फाश करते हुए यथाशीघ्र अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः05.02.2024 को थाना विन्ध्याचल, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा विन्ध्याचल पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित कर नींव की खुदाई से प्राप्त सोने की गिन्नी बताकर नकली सोने की गिन्नी बेचने वाले गैंग का पदार्फाश करते हुए घटना से सम्बन्धित 05 शातिर अभियुक्तों को बोलेरो वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से बिक्री की अवशेष धनराशि 75000/- नगद व 08 अदद पीली धातु की गिन्नी को बरामद किया गया तथा घटना कारित करने में प्रयुक्त मोबाइल व एक अदद बोलेरो वाहन को भी बरामद किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है तथा घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन संख्याःUP63X0579 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।



## यूपी मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत जयश्री बाग बबियाव में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

प्रखर चोलापुर वाराणसी। स्थानीय क्षेत्र के बबियाव गांव स्थित जयश्री बाग नर्सरी पर दो दिवसीय उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मिलेट्स के प्रचार - प्रसार एवं मिलेट्स के उत्पादन पर प्रशिक्षण एवं क्षमता वर्धन को लेकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 6 फरवरी को जय श्री बाग बबियाव में इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू युवा वाहिनी के मंडल अध्यक्ष अमरीश भोला ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। दीप प्रज्वलन के बाद उपस्थित सैकड़ो की संख्या में किसानों को कृषि विभाग से जुड़े अधिकारियों ने मिलेट्स पर विभिन्न जानकारियां दी और मिलेट्स के उत्पादन व पैदावार के बारे में विस्तृत बताया। बता दें कि कृषि निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र अनुभाग लखनऊ द्वारा निर्देशित कार्यक्रम को जिलाधिकारी के अनुमति के बाद आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला कृषि



अधिकारी, परियोजना अधिकारी नेडा, परियोजना अधिकारी विकास निगम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक यूबीआई, जिले के खंड सभी खंड विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्षेत्र के पर्यटन अधिकारी सहित वाराणसी जिले तमाम अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी द्वारा पत्र जारी किया गया कि सभी लोग उक्त कार्यक्रम में सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाये। उक्त दो दिवसीय कार्यक्रम बबियाव गांव के खेल मैदान में आयोजित किया जा रहा है। कृषि विभाग की तरफ से मिलने वाली सभी योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही 14 विभागों का स्टाल भी लगाया गया। जिसपर ऑर्गेनिक व विभिन्न प्रकार के मिलेट्स का प्रदर्शन भी किया गया और उनके उत्पादन से संबंधित जानकारी किसानों को दी गई। इसके साथ ही कृषि से संबंधित तमाम उपकरणों की प्रदर्शनी भी की गई। जिसमें किसानों को उपकरण को चलाने व उनके कार्य के विषय में विस्तृत बताया गया। चोलापुर कल्याण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा विभिन्न प्रकार के आर्गेनिक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। जिसे किसानों ने देखकर उसपर विस्तृत जानकारी ली। विस्तृत जानकारी चोलापुर कल्याण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सीईओ शिवकुमार ने दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता जयश्री बाग नर्सरी व चोलापुर कल्याण फार्मर प्रोड्यूसर ऑगेनाइजेशन लिमिटेड के डायरेक्टर शैलेंद्र रघुवंशी ने की। दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सौरव रघुवंशी के देखरेख में प्रथम दिवस संपन्न हुआ।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25000 के इनामियां अभियुक्त को धनघटा पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रखर संतकबीरनगर। जनपद के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के द्वारा संत कबीर नगर जिले को अपराध मुक्त बनाने के लिए कोशिश जारी रहती है। अपराधी अपराध करके कहीं भी छिप नहीं सकता। इसी क्रम में आज संतकबीरनगर जिले के धनघटा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली । आपको बता दे कि यूपी के जनपद संत कबीर नगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मैली गांव के एक अभियुक्त को पुलिस ने उसे वक्त धर दबोचा जब वह कहीं भाग कर छिपाने के फिराक में था। धनघटा थाना के थाना अध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम का नेतृत्व करने वाले उपनिरीक्षक रजनीश राय व उनकी पुलिस टीम ने हिमताज उर्फ इम्तियाज पुत्र रफीक उर्फ रफी निवासी मैली थाना धनघटा जो की पुलिस के लिए सरदर्द बना हुए था जिसपर पुलिस अधीक्षक ने 25000 रुपए का इनाम भी घोषित था , उसे गिरफ्तार करते हुए विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ अपराधिक इतिहास भी रहा है गौ वध निवारण एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत उस पर कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बधाई दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वच्छ खलीलाबाद सुंदर खलीलाबाद के नियमों का पालन करें अन्यथा होगी बड़ी कानूनी कार्रवाई : जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर



प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के द्वारा संत कबीर नगर जिले के खलीलाबाद शहर को साफ सुथरा व स्वच्छ बनाने के लिए एक अनोखी और बड़ी पहल के साथ खलीलाबाद शहर के नागरिकों से जिला अधिकारी ने अपील की हैं। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर का कहना है कि यह शहर आपका है और यह जिला भी आपका है इसलिए जिस तरह अपने घरों को अपने दफ्तरों को अपने विद्यालयों को आप साफ सुथरा रखते हैं उसी प्रकार शहर को भी साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी आपकी ही है। उन्होंने आगे बताया कि स्वच्छ खलीलाबाद सुंदर खलीलाबाद के नियमो का पालन करते हुए अपने आस पास साफ सफाई रखे तथा सरकारी भवनों तथा शहर के अंदर किसी भी जगह ,किसी भी प्रकार के स्लोगन तथा पोस्टरों को चस्पा ना करे। इससे शहर की चमक धूमिल होती हैं । जिस प्रकार आप अपने घरों को साफ सफाई का विशेष ध्यान देते हैं इस प्रकार शहर के अंदर भी साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें। दीवारों पर कोई पोस्टर या किसी भी प्रकार के प्रचार स्वरूप स्लोगन को ना लिखें अगर ऐसा करते हुए कोई भी संस्था या व्यक्ति पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त बड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### काशी की जनता को समर्पित है ऑनक्वेस्ट लैब : अक्षय जैन




प्रखर पूर्वाचल वाराणसी। ऑनक्वेस्ट लैब के निदेशक अक्षय जैन के द्वारा किया गया ऑनक्वेस्ट लैब का उद्घाटन` उद्घाटन के दौरान अक्षय जैन ने बताया कि यह हमारा दूसरा लैब है पहला लैब बीएचयू के पास कई माह पहले ही खुल चुका हैं` यहां ग्राहकों की मांग को देखते हुए दूसरा लैब पंचकोशी रोड भोजूबीर चौराहा स्थित यथार्थ डायग्नोस्टिक सेंटर के नीचे खोला गया है इस लैब सेंटर में ग्राहकों को हर जांच पर 20% का डिस्काउंट दिया जा रहा है हर सोमवार को फ्री टेस्ट की सुविधा दी गई है। ऑनक्वेस्ट लैब के निदेशक के अक्षय जैन ने काशी की सम्मानित ग्राहकों से किया अनुरोध है कहा की एक बार हमें भी सेवा का अवसर दें` काशी की जनता को समर्पित है ऑनक्वेस्ट लैब, अन्य जांच केंद्रों की तुलना इस लैब मे आने वाले मरीजों को उचित शुल्क पर जांच की सुविधा के साथ ही कम समय मे जांच की रिपोर्ट मरीजों को होगी उपलब्ध जिससे मरीजों को समय से उपचार करा सके। उद्घाटन के समय मुख्य रूप से अक्षय जैन,अनुज अग्रवाल, हरि अग्रवाल,दीपक जैन,अंकित तुलस्यान, अमित माहेश्वरी,चंदर अग्रवाल,जितेंद्र शर्मा,अनुपम शर्मा, बृजेश सिंह, राकेश सिंह, डॉक्टर ए के सिंह ,डॉक्टर ए के जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### विकासखंड राजगढ़ में रोजगार मेले का किया गया आयोजन

प्रखर मिजार्पुर। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन लालगंज ब्लाक में स्थित बापू उपरौध इंटर कॉलेज के प्रागंण में किया गया।मुख्य अतिथि अपना दल जिला अध्यक्ष मा० रामलौटन बिंद द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर मेला का शुभारंभ किया गया। राजकीय आईटीआई नोडल प्रधानाचार्य आलोक कुमार द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य आलोक कुमार द्वारा अपने स्वागत भाषण देते इस रोजगार मेले के बारे में सभी लोगों को अवगत कराया एवं इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों एवं अधिष्ठानों का स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन ने कहा कि देश- प्रदेश की सरकार पढ़े लिखे बेरोजगार युवकों को रोजगार देने का कार्य कर रही है।इसी क्रम में अधिष्ठान आपके द्वार पर आकर रोजगार मुहैया करा रही है। मुख्य अतिथि ने अभ्यर्थियों को आफर लेटर भी वितरित किया।इस मेले में कुल 259 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिसमे 153 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में 8 कंपनियों ने शिरकत किया जिसमे पीपल ट्री ऑनलाइन, अमास स्किल वेंचर प्राइवेट लिमिटेड, एसआईएस सिक्योरिटीज, एनटीपी सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, सफायर हेल्थ सॉल्यूशन इत्यादि अधिष्ठान ने प्रतिभाग किया। संस्थान के कार्यदेशक उमा शंकर सिंह ने इस रोजगार मेला में आए हुए सभी अतिथियों, अधिष्ठान एवं अभ्यर्थियों का धन्यवाद दिया एवं सबका आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समापन की घोषणा किया। इस अवसर पर अनुदेशक अनिल कुमार वर्मा,जिला कौशल प्रबंधक अचल सिंह,विपिन बिहारी सिंह, धनंजय कुमार, राकेश कुमार, रामजी, नीरज, मीनाक्षी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं